संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | ऊना, मंगलवार 23 जून 2026 ₹ 2 | www.actionindialive.com | Facebook.com/actionindialivee

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 15 अंकः 174 पृष्ठः 08 | RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



लखनऊ : कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया।

# लखनऊः कोचिंग सेंटर में आग, 14 मौतें

**इनमें ज्यादातर स्टूडेंट्स, बचने के लिए बाथरूम में छिपे, दम घुटा; एसी में शॉर्ट सर्किट की आशंका**

**रोते-बिलखते बच्चों ने बताई आपबीती, कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिपे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** राजधानी लखनऊ के अलीगंज क्षेत्र स्थित पुरनिया में सोमवार को एक एनिमेशन सेंटर में लगी भीषण आग ने दर्जनों परिवारों को गहरे सदमे में डाल दिया। हादसे के बाद बाहर निकले बच्चों की आंखों में डर साफ दिखाई दे रहा था। कोई अपने दोस्तों को पुकार रहा था तो कोई रोते हुए बता रहा था कि कैसे धुएं से बचने के लिए उसने बाथरूम में शरण ली।

**कुछ बाथरूम में छिपे तो कुछ ने लगाई छलांग**

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग लगते ही कुछ ही मिनटों में पूरी इमारत धुएं से भर गई। अंदर मौजूद छात्रों में चीख-पुकार मच गई। कई बच्चों को समझ ही नहीं आया कि बाहर निकलने का रास्ता कहां है। कुछ छात्र जान बचाने के लिए बाथरूम में छिप गए, जबकि कई अन्य ने ऊंचाई से छलांग लगाकर अपनी जान बचाने की कोशिश की।

**एक दूसरे के बारे में पूछकर रोते नजर आए बच्चे**

हादसे से बचकर निकले एक छात्र ने बताया कि अचानक क्लासरूम में धुआं भरने लगा। सांस लेना मुश्किल हो गया था। सभी बच्चे इधर-उधर भाग रहे थे। कुछ साथी बाथरूम की तरफ दौड़े, जबकि कई खिड़कियों और सीढ़ियों की ओर भागने लगे। बाहर निकलने के बाद भी कई बच्चे अपने दोस्तों के बारे में पूछते हुए रोते नजर आए।



**दीवार तोड़कर चलाया गया रेस्क्यू ऑपरेशन**

हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग भी भावुक हो गए। कई बच्चों को घायल अवस्था में बाहर निकाला गया। राहत और बचाव कार्य के दौरान आसपास के लोगों ने भी अपनी जान जोखिम में डालकर छात्रों को सुरक्षित निकालने का प्रयास किया। बगल के मकान की छत से कोचिंग सेंटर की दीवार तोड़कर अंदर फंसे लोगों तक पहुंचने की कोशिश की गई।

**उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दी जानकारी**

मौके पर पहुंचे उप-मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने घटना पर गहरा दुख जताया। उन्होंने कहा कि उन्होंने अपनी आंखों से कई शव देखे हैं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना की जांच के आदेश देते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की बात कही है।

**पूरे इलाके में मातम छाया**

फायर ब्रिगेड, पुलिस और प्रशासन की टीमें लगातार राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हैं। घायलों को ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटना के बाद पूरे इलाके में मातम का माहौल है।

## सीएम योगी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखनऊः** राजधानी लखनऊ में सोमवार को अलीगंज क्षेत्र के पुरनिया में एक कोचिंग सेंटर में भीषण आग लग गई। आग लगने के बाद बिल्डिंग में धुआं भर गया। इससे अंदर मौजूद छात्रों में भगदड़ मच गई। कई छात्रों ने जान बचाने के लिए ऊंचाई से छलांग लगा दी। इससे वह घायल हो गए। वहीं, 14 बच्चों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर डीजीपी राजीव कृष्ण और प्रमुख सचिव संजय प्रसाद भी पहुंच गए हैं। लखनऊ के जिलाधिकारी और प्रशासनिक टीम के साथ पुलिस बल मौजूद है। राहत बचाव कार्य लगातार जारी है। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मौके पर पहुंचे हैं। बगल के घर की छत से कोचिंग की दीवार काटकर रेस्क्यू का प्रयास किया गया। अभी तक 10 लोगों को रेस्क्यू कर ट्रॉमा सेंटर भेजा गया है। घटनास्थल पर मौजूद उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भावुक हो गए और उन्होंने कहा कि मैंने अपनी आंखों से 14 शव देखे हैं।

**मुख्यमंत्री योगी ने घटनास्थल का किया निरीक्षण**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अलीगढ़ का दौरा रद्द कर लखनऊ लौटे और घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे मामले की जानकारी अफसरों से ली।



**पीएम मोदी ने जताई संवेदना, मुआवजे की घोषणा की**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अग्निकांड में मृतकों व घायलों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने मृतकों के परिजनों को दो लाख रुपये व घायलों को 50 हजार रुपये देने की घोषणा की है। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश के लखनऊ में आग लगने की घटना में हुई मौतों से बहुत दुख हुआ है। पीड़ित परिवारों के प्रति मेरी संवेदनाएं। घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों। बचाव कार्य चल रहा है और अधिकारी हर संभव मदद पहुंचा रहे हैं। प्रधानमंत्री राहत कोष से मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

**सीएम योगी ने रद्द किया अलीगढ़ दौरा, लखनऊ लौटे**

लखनऊ अग्निकांड की सूचना मिलने पर अपना अलीगढ़ दौरा बीच में ही रद्द कर दिया। उन्हें लोकार्पण व शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान ही इस हादसे की जानकारी मिली, इसके तत्काल बाद मुख्यमंत्री राजधानी लखनऊ के लिए प्रस्थान कर गए। अलीगढ़ में आयोजित लोकार्पण/शिलान्यास कार्यक्रम में संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री ने जनसमूह से कहा कि मेरी इच्छा थी कि यहीं रहूं। लेकिन अभी-अभी जानकारी मिली है कि लखनऊ में एक दुर्घटना हुई है और कुछ बच्चे अग्निकांड की चपेट में आए हैं।

## उद्धव गुट के छह सांसद शिंदे शिवसेना में शामिल



**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** महाराष्ट्र में शिवसेना यूबीटी को बड़ा झटका लगा है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में उद्धव गुट के छह सांसदों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की है। शिवसेना यूबीटी सांसद संजय हरिभाऊ जाधव, भाऊसाहेब राजाराम वाकचौरे, ओमप्रकाश भूपालसिंह निंबालकर, संजय दीना पाटिल, संजय उत्तमराव देशमुख और नागेश बापुराव पाटिल अष्टीकर ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ मंच साझा किया। वहीं, इसके बाद डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा- ऑपरेशन टाइगर अब पूरा और सफल हो गया।

**सदस्यता**

**उपमुख्यमंत्री शिंदे की मौजूदगी में उद्धव गुट के छह सांसदों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की**

**इन सांसदों ने शिंदे गुट का थामा दामन**

इस सूची में यवतमाल-वाशिम से संजय देशमुख, हिंगोली से नागेश पाटिल अष्टीकर, परभणी से संजय जाधव, शिरडी से भाऊसाहेब वाकचौरे, मुंबई उत्तर-पूर्व से संजय दिना पाटिल और धाराशिव से ओमप्रकाश राजे निंबालकर का नाम शामिल है।

## प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र बनेगा 'विकसित हरियाणा-2047' का आधारः सीएम सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़ः** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार करने के लिए हरियाणा सरकार ने विकसित हरियाणा-2047 के व्यापक विजन पर कार्य शुरू कर दिया है। इसी उद्देश्य से आज प्रदेश के सभी विधायकों के साथ आयोजित बैठक में विकसित हरियाणा-2047 के बारे में चिंतन किया गया। इस अभियान की थीम मेरी विकसित विधानसभा रखी गई है, जिसके माध्यम से विकसित हरियाणा की शुरूआत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से होगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को हरियाणा निवास में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हरियाणा को समृद्ध, आत्मनिर्भर और विकसित राज्य बनाने के लिए अगले 20 वर्षों का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। प्रत्येक विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन चैंपियन बनकर क्षेत्र की समस्याओं, संभावनाओं और विकास की प्राथमिकताओं की पहचान करेगा तथा विकास की कार्ययोजना तैयार करेगा। इस अवसर पर पर्यटन एवं सहकारिता मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा भी उपस्थित थे। सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने वर्ष 2047 तक के लिए कई महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किए हैं। हरियाणा की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर से अधिक तक पहुंचाना, प्रति व्यक्ति वार्षिक आय को 40 लाख रुपये से अधिक करना, महिला श्रम भागीदारी को 45 प्रतिशत से ऊपर ले जाना तथा महिला साक्षरता को 100 प्रतिशत तक पहुंचाना शामिल है। इसके अलावा प्रत्येक नागरिक को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने तथा हर घर तक पाइप के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

**चिंतन**

**मुख्यमंत्री ने विधायकों के साथ किया विकसित हरियाणा-2047 पर चिंतन**



## 'ऑपरेशन टाइगरः शिंदे ने पैदा किए छह गद्दारः राउत

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** शिवसेना यूबीटी में बगावत और कथित 'ऑपरेशन टाइगर' को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे, नेता आदित्य ठाकरे और सांसद संजय राउत ने भाजपा और एकनाथ शिंदे गुट पर निशाना साधते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल बागी सांसदों को अपनी बात रखने दीजिए। उन्होंने कहा कि जब उन्हें उचित समय लगेगा, तब वह मीडिया को बुलाकर अपनी पार्टी का पक्ष विस्तार से रखेंगे। उद्धव ने संकेत दिया कि जल्द ही शिवसेना यूबीटी भी पूरे मामले पर अपनी प्रतिक्रिया देगी।



**'शिंदे ने छह गद्दारों को जन्म दिया'**

वहीं, पार्टी सांसद संजय राउत ने बागी सांसदों पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि एकनाथ शिंदे ने 'छह गद्दारों को जन्म दिया है' और स्थिति को संभालने के लिए आगे और सर्जरी करनी पड़ेगी। संजय राउत की यह टिप्पणी उन छह सांसदों को लेकर आई है, जिनके शिंदे गुट में जाने की चर्चा चल रही है।

**निशाना साधा**

**उद्धव ठाकरे ने मीडिया से बातचीत में कहा कि फिलहाल बागी सांसदों को अपनी बात रखने दीजिए**

**आदित्य ठाकरे भाजपा पर हमलावर**

आदित्य ठाकरे ने भाजपा सरकार पर देश की सुरक्षा, महंगाई, किसानों और आम जनता के मुद्दों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। घुसपैठ के मुद्दे पर उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा कि पिछले 12 वर्षों से केंद्र में भाजपा की सरकार है। अगर इतने समय में भी घुसपैठ नहीं रोकी जा सकी, तो यह सरकार की विफलता है। मुख्यमंत्री की ओर से ऑपरेशन टाइगर को सफल बताए जाने पर

## ममता बनर्जी तृणमूल कांग्रेस से बाहर, अभिषेक निलंबित

**टीम एक्शन इंडिया**

कोलकाताः तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के भीतर चल रहा सत्ता संघर्ष और गहरा गया है। बागी विधायक नेता ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाले गुट ने खुद को 'असली टीएमसी' बताते हुए बड़ा फैसला लिया है। इस गुट ने पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष ममता बनर्जी को पद से हटाने और पार्टी के दूसरे सबसे बड़े नेता अभिषेक बनर्जी को निलंबित करने का एलान किया है। रविवार को न्यू टाउन स्थित एक होटल में ऋतब्रत गुट की बैठक हुई। गुट का दावा है कि इस बैठक में 60 विधायक और कोलकाता नगर निगम के 70 पार्षद शामिल हुए। बैठक में हावड़ा मध्य से विधायक को पार्टी का नया अध्यक्ष नियुक्त किया गया।




*मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों के लिए विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है*

## सरकार ने 3336 करोड़ की बिजली परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंकज शर्मा**

**शिमला।** प्रदेश सरकार ने इस वर्ष के दौरान लगभग 3336 करोड़ रुपये लागत की 278 मेगावाट क्षमता की 19 जल विद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन समझौते हस्ताक्षरित किए हैं। इनमें 9 मेगावाट की सोयल डाशल, 6 मेगावाट की खौली-2, 9 मेगावाट की ग्रामांग, 10 मेगावाट की उमली, 24 मेगावाट की भरमौर चरण-1, 21 मेगावाट की भरमौर चरण-2, 22.5 मेगावाट की हरसर, चरण-2, 19 मेगावाट की हरसर, चरण-3, 24 मेगावाट की टुंडह चरण-2, 18 मेगावाट की जंगलिक, 15 मेगावाट की रूपिन चरण-2, 17 मेगावाट की दुनाली-1 एवं 2, 12 मेगावाट की जरी, 18 मेगावाट की तोरल कुंडली, 15 मैगावाट की टुंडन, 10 मेगावाट की कोट डोगरी, 8 मेगावाट की अप्पर कुर्मी, 11 मेगावाट की कलाल खोल और 9.6 मेगावाट की मेलन विद्युत परियोजनाएं शामिल हैं।



प्रदेश सरकार ने यह भी पाया कि पहले से आवंटित 15 विद्युत परियोजनाओं के निर्माणकर्त्ताओं ने परियोजना के कार्यान्वयन में कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई तथा सरकार ने इन परियोजनाओं का आवंटन रद्द कर दिया। सरकार पुनः इनके त्वरित कार्यान्वयन के लिए अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर निविदाएं आमंत्रित करने के लिए प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने ऊर्जा विभाग की उपलब्धियों के लिए विभाग अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि राज्य में विद्यमान विद्युत क्षमता के दोहन के लिए सरकार कृत संकल्प है। उन्होंने ऊर्जा विभाग की इस क्षमता के त्वरित दोहन के लिए उठाए गए कदमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में ऊर्जा के क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने अपनी ऊर्जा नीति में संशोधन करते हुए 25 मेगावाट क्षमता तक की जल विद्युत परियोजनाओं में रॉयल्टी दरों में बदलाव कर 40 वर्षों के लिए एक समान 12 प्रतिशत कर दिया है। उन्होंने कहा कि 150 मैगावाट की टिडोंग, चरण-1 जल विद्युत परियोजना का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। प्रदेश सरकार ने जियो थर्मल विद्युत परियोजना के अन्वेषण व विकास के लिए जियो ट्रॉपी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन हस्ताक्षरित किया है। प्रदेश में विद्यमान लगभग 24000 मेगावाट विद्युत क्षमता में से राज्य द्वारा 12588 मेगावाट क्षमता की 189 परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि 1528 मेगावाट क्षमता की 54 परियोजनाएं निर्माणधीन हैं तथा 7539 मेगावाट क्षमता की 526 परियोजनाएं स्वीकृति के विभिन्न चरणों में है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार विद्युत क्षमता के दोहन को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है ताकि हिमाचल प्रदेश को आर्थिक तौर पर समृद्ध किया जा सके।

**परियोजना**

**परियोजनाओं के निर्माणकर्त्ताओं ने परियोजना के कार्यान्वयन में कोई विशेष रूचि नहीं दिखाई**

## राम मंदिर चढ़ावा घोटालाः सीबीआई जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** अयोध्या के भव्य राम मंदिर में चढ़ावे के कथित गबन और वित्तीय अनियमितताओं का मामला अब देश की सबसे बड़ी अदालत के दरवाजे पर पहुंच गया है। सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को एक जनहित याचिका दायर कर इस पूरे मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करने और समयबद्ध जांच कराने की गुहार लगाई गई है। दो प्रैक्टिसिंग वकीलों की ओर से दायर इस याचिका ने राम मंदिर के निर्माण और प्रबंधन की देखरेख करने वाले 'श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट' के कामकाज पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के नेतृत्व वाली एक बहु-विषयक विशेष जांच टीम (एसआईटी) को सौंपी जानी चाहिए। याचिका में कहा गया है कि ट्रस्ट के मामलों और प्रशासन से जुड़ी वित्तीय गड़बड़ियों और अन्य कथित गैर-कानूनी गतिविधियों की गहन और स्वतंत्र जांच होना बेहद जरूरी है, ताकि पूरी सच्चाई देश के सामने आ सके।



अधिवक्ता अजय कुमार राय और दिनेश कुमार यादव की ओर से दायर इस याचिका में केंद्र सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार और श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को प्रतिवादी बनाया गया है।

# मान कैबिनेटः पंजाब में पांच प्रतिशत सलाना फीस बढ़ा सकेंगे प्राइवेट स्कूल

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में सोमवार को हुई कैबिनेट की बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए गए।विद्यार्थियों और अभिभावकों के हितों की रक्षा करने, औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने, डिजिटल गवर्नेंस को मजबूत करने तथा प्रशासनिक पहुंच में सुधार लाने के उद्देश्य से कई अहम निर्णय हुए। कैबिनेट ने निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों की फीस वृद्धि को नियंत्रित करने के लिए अध्यादेश को मंजूरी दी।



**निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों की फीस वृद्धि पर लगाम**

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा फीस में की जाने वाली अनावश्यक और अनुचित बढ़ोतरी को नियंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब कैबिनेट ने पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अन-एडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस (संशोधन) अध्यादेश, 2026 को लाने को मंजूरी दे दी है। यह अध्यादेश पंजाब रेगुलेशन ऑफ फीस ऑफ अन-एडेड एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस एक्ट, 2016 में संशोधन करके लाया गया है। इस कदम का उद्देश्य फीस वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण रखना, विद्यार्थियों और अभिभावकों को मनमानी फीस बढ़ोतरी से सुरक्षा प्रदान करना, फीसों के ढांचे में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना तथा उनके हितों की रक्षा करना है। इन संशोधनों के तहत फीस, फीस वृद्धि और कुल फीस वृद्धि की परिभाषाओं को अधिक स्पष्ट बनाया गया है। साथ ही, निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों द्वारा वार्षिक फीस वृद्धि की अधिकतम सीमा 5 प्रतिशत तय की गई है। 5 प्रतिशत से अधिक फीस बढ़ाने के लिए संबंधित नियामक संस्था की पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य होगा।

एक अन्य महत्वपूर्ण निर्णय में कैबिनेट ने राज्य की औद्योगिक नीतियों के तहत कैपिटल सब्सिडी एवं निवेश प्रोत्साहनों के वितरण के लिए 13 नवंबर 2019 के दिशानिर्देशों में संशोधन को भी मंजूरी दी। इन संशोधनों का उद्देश्य सब्सिडी वितरण प्रक्रिया को सरल और सुचारु बनाना, प्रशासनिक दक्षता में सुधार करना तथा पात्र औद्योगिक इकाइयों के साथ समान व्यवहार सुनिश्चित करना है।

## पंजाब में स्टेट डेटा इंटीग्रेशन प्लेटफॉर्म लागू करने को मंजूरी

**संशोधित** व्यवस्था के अनुसार, दिशानिर्देशों की धारा 1.1 और 1.2 में छूट मिलने के बाद पात्र बनने वाली औद्योगिक इकाइयों को आवश्यक दस्तावेजों के सत्यापन और निर्धारित शर्तों की पूर्ति के आधार पर कैपिटल सब्सिडी जारी की जाएगी। राज्य के विभिन्न विभागों के अनेक डेटाबेसों को आपस में जोड़ने, किसी भी दोहराव को समाप्त करने और मौजूदा प्रक्रियाओं को अधिक प्रभावी बनाने के लिए कैबिनेट ने पंजाब में स्टेट डेटा इंटीग्रेशन प्लेटफॉर्म (एसडीआईपी) लागू करने को



मंजूरी दी है ।परियोजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तीन-स्तरीय संचालन समिति गठित की जाएगी। इस संचालन समिति में पंजाब के मुख्य सचिव चेयरपर्सन होंगे, प्रशासनिक सचिव (गुड गवर्नेंस) मैंबर कनवीनर होंगे तथा विभिन्न विभागों के प्रशासनिक सचिव सदस्य के रूप में शामिल होंगे।

**दसूहा उपमंडल के लिए एडीसी (जनरल) और सहायक स्टाफ के पदों को मंजूरी**

कैबिनेट ने जिला होशियारपुर के अंतर्गत आने वाले दसूहा उपमंडल के लिए अतिरिक्त उपायुक्त (जनरल) तथा अन्य सहायक स्टाफ के पद सृजित करने को भी मंजूरी दे दी है।

# कृषि अर्थशास्त्री एसएस जौहल से मिले नितिन नवीन



**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियाना।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पंजाब दौर के आखिरी दिन सोमवार को लुधियाना में प्रसिद्ध कृषि अर्थशास्त्री और पद्म भूषण अवॉर्डी डॉ. सरदारा सिंह जौहल से उनके आवास पर मुलाकात की।

इस दौरान पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों से जुड़े मुद्दों, फसल विविधीकरण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। तीन दिवसीय पंजाब दौरे पर आए नितिन नवीन ने आज डॉ. सरदारा सिंह जौहल से मुलाकात कर कृषि क्षेत्र से जुड़े अहम विषयों पर विचार-विमर्श किया। नितिन नवीन ने कहा कि डॉ. सरदारा सिंह जौहल देश के प्रमुख कृषि अर्थशास्त्रियों में से एक हैं।

पंजाब कृषि विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर और कृषि लागत एवं मूल्य आयोग के चेयरमैन के रूप में उन्होंने देश की कृषि नीति को दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने

**विचार-विमर्श**

**पंजाब की कृषि व्यवस्था, किसानों की समस्याओं और खेती के विकास को लेकर किया विस्तृत विचार-विमर्श**

फसल विविधीकरण और कृषि सुधारों को लेकर भी अहम योगदान दिया है। बैठक के दौरान पंजाब में किसानों के सामने आ रही चुनौतियों, पारंपरिक खेती पर बढ़ते दबाव, फसल विविधीकरण की जरूरत और कृषि क्षेत्र को अधिक मजबूत बनाने के मुद्दों पर चर्चा हुई। नितिन नबीन ने कहा कि पंजाब की अर्थव्यवस्था में कृषि की अहम भूमिका है और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए ठोस नीति और दूरदर्शी सोच की जरूरत है। इस मुलाकात के दौरान पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और प्रदेश महासचिव अनिल सरीन भी मौजूद रहे

# राष्ट्रपति ने कूनो में चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण की ली जानकारी



**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थित कूनो नेशनल पार्क के दो दिवसीय प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को चीता मित्रों से संवाद कर चीता संरक्षण के प्रयासों की जानकारी ली। राष्ट्रपति ने चीता मित्रों से बातचीत के दौरान उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतों के व्यवहार को लेकर किये जा रहे जनजागरूकता के प्रयासों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने सभी चीता मित्रों से वन-टू-वन चर्चा कर परियोजना के लिए उनके द्वारा मानसेवी रूप से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की। राष्ट्रपति मुर्मु को बताया गया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद हैं, जिनके द्वारा चीतों की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतों के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यों के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि स्वभाविक रूप से चीते किसी को नुकसान नहीं पहुंचाते हैं। चीता जब आबादी क्षेत्र अथवा खेतों में दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराया जाये, जिससे उन्हें किसी भी प्रकार से नुकसान न पहुंचे। भारत में चीतों की पुनर्बसाहट के लिए यह परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी निवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं राजनदंनी आदिवासी निवासी हथेडी, मल्हा आदिवासी निवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी निवासी पालपुर, आदिवासी निवासी सेसईपुरा और सतीश आदिवासी निवासी मोरावन मौजूद रहे।

# पहले टक्कर मारी, फिर पैरों पर चढ़ाई कार, लड़की ने सिपाही को कुचला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** दिल्ली के अशोक विहार इलाके में बिना लाइसेंस की कार चला रही एक युवती ने दिल्ली पुलिस के सिपाही को कुचल दिया। नांगलोई के रहने वाला सिपाही जितेंद्र कुमार घटना के समय बाइक से थाने जा रहे थे। दोनों पैर पर कार का पहिया चढ़ने से वह बुरी तरह घायल हो गए। घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने उसे पास के दीपचंद बंधु अस्पताल में भर्ती कराया। कार चला रही युवती की पहचान 19 साल की ओशिन गुप्ता के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।




**बाइक से जा रहे थे जितेंद्र कुमार**

जानकारी के मुताबिक 28 साल का जितेंद्र कुमार अपने परिवार के साथ नांगलोई इलाके में रहते हैं। वह दिल्ली पुलिस ने बतौर सिपाही कार्यरत हैं। उनकी तैनाती अशोक विहार थाने में हैं। अशोक विहार थाने में दर्ज प्राथमिकी में सिपाही ने बताया कि 19 जून की रात एक शव को बाबू जगजीवन राम अस्पताल के मोर्चरी में रखवाने के बाद वह बाइक से अशोक विहार थाने की ओर जा रहे थे। तभी पीछे से आ रही एक टोयोटा कोरोला अल्टिस कार की चालक ने कार को अचानक बांयी ओर मोड़कर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह बाइक सहित सड़क पर गिर गए। इतने में भी चालक ने कार नहीं रोकी और उनके दोनों पैरों पर चढ़ा दी। बाइक पहिया के पास आने से कार रुक गई। उन्हें पैर में काफी चोट लगी थी। पीड़ित ने बताया कि आस पास के लोगों ने वहां पहुंचकर उन्हें कार के नीचे से निकाला। इसी दौरान कार की ड्राइविंग सीट से एक लड़की बाहर निकली। जिसने अपना नाम ओशिन गुप्ता बताया। वह वेस्ट पंजाबी बाग की रहने वाली है। घटना की जानकारी मिलते ही

# हर तीसरा बच्चा प्रदूषण जनित बीमारियों से प्रभावितः डॉ. विकास पिलानिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** बढ़ता वायु प्रदूषण बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। मणिपाल हॉस्पिटल जयपुर के श्वसन रोग विशेषज्ञ डॉ. विकास पिलानिया ने बताया कि वर्तमान में करीब 30 प्रतिशत बच्चे अस्थमा, एलर्जी, बार-बार खांसी, सांस लेने में तकलीफ और फेफड़ों के संक्रमण जैसी समस्याओं से प्रभावित हैं। अस्पतालों की ओपीडी में प्रतिदिन आने वाले मरीजों में भी 30 से 40 प्रतिशत एलर्जी से संबंधित होते हैं, जो बढ़ते प्रदूषण का संकेत है। डॉ. पिलानिया ने बताया कि बच्चों के फेफड़े विकासशील अवस्था में होते हैं, इसलिए प्रदूषित हवा का असर उन पर अधिक पड़ता है। लंबे समय तक प्रदूषण के संपर्क में रहने से फेफड़ों की कार्यक्षमता प्रभावित हो सकती है और भविष्य में गंभीर श्वसन रोगों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि पीएमटू.5 और पीएम 10 जैसे सूक्ष्म कण स्वास्थ्य के लिए सबसे अधिक हानिकारक हैं। हालिया आंकड़ों के अनुसार जयपुर का



एक्यूआई करीब 130 दर्ज किया गया, जो संवेदनशील वर्गों के लिए अस्वास्थ्यकर श्रेणी में आता है। राजस्थान में बढ़ते शहरीकरण, वाहनों की संख्या, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल और औद्योगिक उत्सर्जन प्रदूषण के प्रमुख कारण हैं। डॉ. पिलानिया ने अभिभावकों को सलाह दी कि अत्यधिक प्रदूषण वाले दिनों में बच्चों की बाहरी गतिविधियां सीमित रखें, पौष्टिक आहार और पर्याप्त पानी दें तथा अस्थमा या एलर्जी की स्थिति में नियमित चिकित्सकीय परामर्श लें। उन्होंने कहा कि एलर्जी रोगों को नियंत्रित किया जा सकता है, लेकिन उनका पूर्ण उपचार संभव नहीं है। इसलिए सावधानी और बचाव ही बेहतर स्वास्थ्य का आधार है। साथ ही उन्होंने समाज, उद्योगों और प्रशासन से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया।

**गंभीर चुनौती**

**समाज, उद्योगों और प्रशासन से वायु प्रदूषण नियंत्रण के लिए सामूहिक प्रयास करने का आह्वान किया**

# रेवंत रेड्डी ने राजनाथ से मुलाकात की, डीआरडीओ परियोजना पर मांगा सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने सोमवार को यहां रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने गांधी सरोवर परियोजना के लिए रक्षा विभाग की भूमि राज्य सरकार को हस्तांतरित किए जाने पर रक्षा मंत्री का आभार व्यक्त किया। मुलाकात के बाद मीडिया से बात करते हुए रेड्डी ने आदिलाबाद एयरपोर्ट के विकास को राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता वाली परियोजनाओं में से एक बताया। उन्होंने कहा कि भूमि अधिग्रहण, उपयोगिताओं के स्थानांतरण और अन्य आवश्यक कार्यों में राज्य सरकार पूरा सहयोग प्रदान करेगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि राष्ट्रीय एकता और रक्षा से जुड़े




मामलों में तेलंगाना सरकार हर संभव सहायता और सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने आदिलाबाद में भारतीय वायुसेना के हवाई अड्डे के व्यापक विस्तार के लिए केंद्र से सहयोग का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के लिए भारतीय वायुसेना टर्मिनल और नागरिक उड्डयन विभाग के टर्मिनल भवन के साथ-साथ बड़े पैमाने पर कार्गो, एमआरओ (मेंटेनेंस, रिपेयर एंड ओवरहॉल) और हैंगर सुविधाएं विकसित की जानी चाहिए। रेड्डी ने कहा कि मध्य पूर्व एशिया में हालिया घटनाक्रमों के मद्देनजर आदिलाबाद एयरपोर्ट विश्वस्तरीय एयरलाइंस के लिए हैंगर स्थापित करने की दृष्टि से अत्यंत उपयुक्त है।

# डब्ल्यूईएफ लाइटहाउस नेटवर्क में एचयूएल के कुल छह कारखानों को मिली जगह

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत।** वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अपने ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क के तहत हरिद्वार और सोनीपत में हिंदुस्तान यूनीलिवर लिमिटेड (एचयूएल) के कारखानों को लाइटहाउस साइट के रूप में चिह्नित किया है। इन कारखानों को क्रमशः सप्लाई चेन रेजिलिएंस और सस्टेनेबिलिटी की कैटेगरी में उत्कृष्टता के लिए यह सम्मान मिला है। ग्लोबल लाइटहाउस नेटवर्क में डिजिटल मोर्चे पर सबसे ज्यादा उन्नत ऐसे कारखानों को चिह्नित किया जाता है, जिन्होंने परिचालन में आमूलचूल बदलाव किया है, दक्षता बढ़ाई है, सतत विकास को गति दी है और अपने कार्यबल का कौशल निखारा है। सोनीपत को सस्टेनेबिलिटी कैटेगरी में चिह्नित किया गया है। एनर्जी, वाटर एवं वेस्ट के मामले में पर्यावरण पर अपना फुटप्रिंट कम करने की दिशा में कारखाने के सतत प्रयासों से यह संभव हुआ है। यहां एआई आधारित एनर्जी मैनेजमेंट, आईओटी आधारित क्लीनिंग सिस्टम और पूरे परिचालन में रीन्यूएबल एनर्जी अपनाने जैसे कदम उठाए गए हैं। इससे कारखाने को अपनी एनर्जी एफिशिएंसी 29 प्रतिशत बढ़ाने, ग्राउंडवाटर रिचार्ज को 100 गुना करने, स्कोप 1 एवं 2 उत्सर्जन को 99 प्रतिशत कम करने और कच्चे माल की बबार्दी को 58 प्रतिशत कम करने में मदद मिली है।



यूपी के २मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा के गांव उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित 568 भवनों के लाभार्थियों को आवासों की चाबी प्रदान की।

### कसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी दबाव में किसी भी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर न करने की अपील की

# भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर भाकियू ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर किसानों के हितों की रक्षा सुनिश्चित करने और अमेरिकी दबाव में किसी भी ऐसे समझौते पर हस्ताक्षर न करने की अपील की है। बीकेयू ने पत्र में कहा है कि फरवरी 2025 से भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया चल रही है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अंतरिम समझौता जल्द ही अंतिम रूप ले सकता है और 23-24 जून को नई दिल्ली में अमेरिकी व्यापार



प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर की यात्रा के दौरान इस पर अंतिम निर्णय लिया जा सकता है। किसान संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने आशंका जताई कि समझौते के तहत भारत अमेरिकी कृषि उत्पादों पर आयात शुल्क में कटौती कर सकता है। उन्होंने कहा कि पर्याप्त टैरिफ सुरक्षा नहीं होने पर भारतीय किसान अमेरिकी सब्सिडी प्राप्त कृषि उत्पादों से प्रतिस्पर्धा नहीं कर पाएंगे, जिससे उनकी आजीविका पर गंभीर असर पड़ सकता है। पत्र में यह भी कहा गया है कि अमेरिका लंबे समय से भारत के कृषि और खाद्य उत्पाद बाजार में मौजूद बाधाओं को हटाने की मांग कर रहा है। किसानों का दावा है कि इससे अत्यधिक सब्सिडी वाले अमेरिकी डेयरी और पोल्ट्री उत्पादों के आयात का रास्ता खुल सकता है। साथ ही, आनुवंशिक रूप से संशोधित मक्का के भारत में प्रवेश की आशंका भी जताई गई है। बीकेयू ने आरोप लगाया कि विश्व व्यापार संगठन में अमेरिका भारत की न्यूनतम समर्थन मूल्य व्यवस्था में बदलाव के लिए दबाव बना रहा है। संगठन का कहना है कि यदि यह मुद्दा व्यापार समझौते का हिस्सा बनता है या किसी गोपनीय समझ के तहत शामिल किया जाता है, तो देश के करोड़ों धान और गेहूं उत्पादक किसानों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। किसान संगठन ने प्रधानमंत्री को याद दिलाया कि उन्होंने पहले आश्वासन दिया था कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में किसानों, मछुआरों तथा डेयरी और पोल्ट्री क्षेत्र से जुड़े लोगों के हितों की पूरी तरह रक्षा की जाएगी।

बीकेयू ने आग्रह किया कि सरकार अपने इस वादे पर कायम रहे और किसी भी ऐसे समझौते से बचे जो भारतीय कृषि और खाद्य सुरक्षा को नुकसान पहुंचा सकता हो। संगठन ने कहा कि देश के किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि खाद्य सुरक्षा और राष्ट्रीय संप्रभुता के भी महत्वपूर्ण स्तंभ हैं, इसलिए उन्हें अत्यधिक सब्सिडी वाले विदेशी कृषि उत्पादों के साथ असमान प्रतिस्पर्धा के लिए मजबूर नहीं किया जाना चाहिए।

# पाकिस्तान के लिए जासूसी मामले में गिरफ्तार मुश्ताक की पुलिस रिमांड तीन दिन बढ़ी

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुरः** पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार मुश्ताक को सोमवार को पांच दिन की पुलिस रिमांड पूरी होने के बाद अपर वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट क्रमांक-3 जयपुर महानगर-प्रथम की अदालत में पेश किया गया। जहां सुनवाई के दौरान सीआईडी इंटेलिजेंस ने उससे आगे की पूछताछ के लिए तीन दिन की अतिरिक्त पुलिस रिमांड मांगी, जिसे न्यायालय ने मंजूर कर लिया। अब उसे 25 जून को पुनः अदालत में पेश किया जाएगा। सीआईडी इंटेलिजेंस के विशेष लोक अभियोजक सुदेश सत्वान ने बताया कि जांच के दौरान आरोपित के कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर), बैंक खातों और वित्तीय लेन-देन की गहन पड़ताल की जानी है। पूछताछ में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम भी सामने आए हैं, जिन्हें सुरक्षा एजेंसियों ने चिन्हित कर लिया है। हालांकि जांच के हित में उनकी पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है। जांच एजेंसियों के अनुसार पांच दिन की रिमांड के दौरान आरोपित को उन स्थानों पर भी ले जाया गया, जहां से उसने कथित रूप से फोटो और वीडियो बनाए थे।

इन स्थानों पर मौके का निरीक्षण कर यह जानने का प्रयास किया गया कि उसे स्थानीय स्तर पर किन लोगों का सहयोग प्राप्त था। सुरक्षा एजेंसियां उसके संभावित सहयोगियों की भूमिका की भी जांच कर रही हैं।

# शिक्षण संस्थान बंद करने के बहाने खोजने के बजाय छात्र संख्या बढ़ाने पर ध्यान दें मुख्यमंत्री : जयराम ठाकुर

**टालमटोल**

» स्कूल-कॉलेज बंद करने के मामले में अपना-पराया कर रही है सरकार



**चमन शर्मा**

**शिमला।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर से दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र ननखड़ी से रामपुर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा नेता कौल नेगी के नेतृत्व में आए एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात कर सरकार द्वारा राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी के विलय के फैसले को वापस लेने की मांग उठाने का आग्रह किया। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि ननखड़ी जैसे दूरस्थ क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए यह महाविद्यालय उच्च शिक्षा का प्रमुख केंद्र था। इसके बंद होने से सैकड़ों विद्यार्थियों, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के सामने पढ़ाई जारी रखने का संकट खड़ा हो गया है।

नेता प्रतिपक्ष ने प्रतिनिधिमंडल की बात सरकार के समक्ष रखने का भरोसा दिलाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन वाली 'सुख की सरकार' प्रदेश में लगातार तालाबंदी के मिशन पर जुटी हुई है। मुख्यमंत्री सुक्खू ने स्कूल, कॉलेज, अस्पताल और अन्य जनहित के संस्थानों को बंद करने का बीड़ा उठाया हुआ है। सबसे बड़ी विडंबना यह है कि उनके ऐसे फैसलों में न कोई तर्क होता है और न ही कोई लोकतांत्रिक प्रक्रिया। उन्होंने अपने फैसलों से बार-बार पलटने में भी महारत हासिल कर ली है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि व्यवस्था परिवर्तन के नाम पर प्रदेश के शिक्षा तंत्र को कमजोर कर रही सुक्खू सरकार का राजकीय महाविद्यालय ननखड़ी समेत प्रदेश भर के 10 महाविद्यालयों को बंद करने का फैसला बेहद दुर्भाग्यपूर्ण, जनविरोधी और दूरदर्शिता से रहित है। अत्यंत दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में स्थित ननखड़ी समेत अन्य महाविद्यालयों को बंद कर सरकार ने स्थानीय युवाओं के उच्च शिक्षा प्राप्त करने के अवसरों पर सीधा प्रहार किया है।

उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियों में न तो कोई स्पष्टता है और न ही कोई समानता। एक तरफ सरकार संसाधनों की दुहाई देकर स्कूल और कॉलेज बंद कर रही है, वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस नेताओं के दबाव में आकर अपने फैसले पलट रही है।

## राज्यपाल ने समाजसेवी राज कुमार के निधन पर शोक व्यक्त किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोलन।** राज्यपाल कविन्द्र गुप्ता ने सोलन जिला के अर्की के प्रसिद्ध समाजसेवी राज कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। वे 85 वर्ष के थे। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना तथा शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की। राज कुमार सेना प्रशिक्षण कमांड शिमला से वरिष्ठ लेखा अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। सेवानिवृत्ति के उपरांत उन्होंने अपना जीवन विभिन्न सामाजिक गतिविधियों के लिए समर्पित कर दिया और मानव कल्याण के कार्यों में सक्रिय रहे। वे नियमित रूप से विभिन्न धार्मिक संस्थाओं एवं आश्रमों को सहयोग प्रदान करते थे तथा अपने गांव के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को हर महीने राशन एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध करवाते थे।

# नीट पेपर लीक को लेकर कांग्रेस का तीखा हमला, युवाओं के भविष्य के साथ हो रहा है खिलवाड़

**भविष्य**

» 30 से 40 लाख रुपये में सरेआम बेचा गया देश के छात्रों का भविष्य : चेतन चौहान



**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा। नीट पेपर लीक मामले को लेकर देश भर में मचे बवाल के बीच अब सियासत पूरी तरह गर्मा गई है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव चेतन चौहान ने इस मुद्दे को लेकर केंद्र सरकार पर चौतरफा हमला बोला है। चंबा जिला मुख्यालय में आयोजित एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि नीट पेपर लीक कोई सामान्य घटना नहीं है, बल्कि यह देश के लाखों ईमानदार छात्रों के भविष्य से जुड़ा एक बेहद गंभीर और संवेदनशील मामला है। केंद्र की नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस सचिव चेतन चौहान ने आरोप लगाया कि पेपर लीक और परीक्षाओं में धांधली की यह पटकथा साल 2014 में ही लिखनी शुरू कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि आज साल 2026 में हालात इस कदर बदतर हो चुके हैं कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट का पेपर सरेआम बाजारों में बेचा गया। जांच रिपोर्टों का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि लीक हुए इस पेपर की कीमत 30 से 40 लाख रुपये तक वसूली गई है, जो बेहद हैरान और विचलित करने वाला है। चेतन चौहान ने आंकड़ों के जरिए सरकार और परीक्षा माफिया के गठजोड़ को उजागर करते हुए कहा कि देश में हर साल लगभग 22 से 24 लाख बच्चे डॉक्टर बनने का सपना लेकर नीट की परीक्षा में बैठते हैं। इन बच्चों से कुल मिलाकर लगभग 1 लाख 32 हजार करोड़ रुपये फीस के तौर पर वसूले जाते हैं।

# खुद को कर बुलंद इतना कि हर तकदीर से पहले, खुदा बंदे से खुद पूछे, बता तेरी रज़ा क्या है

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** भाजपा वरिष्ठ नेत्री उषा बिरला ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कुछ लोग आज अनुराग सिंह ठाकुर के 20 वर्षों के जनसेवा और विकास कार्यों का हिसाब मांग रहे हैं। मैं उन्हें बताना चाहती हूं कि अनुराग जी लगातार पांच बार हमीरपुर संसदीय क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हुए विकास, सुशासन और जनसेवा का ऐसा उदाहरण प्रस्तुत कर चुके हैं, जो पूरे हिमाचल प्रदेश के लिए गर्व का विषय है।

अनुराग सिंह ठाकुर के प्रयासों से धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण हुआ, जिसने हिमाचल प्रदेश को वैश्विक पहचान दिलाई तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार और पर्यटन के नए अवसर सृजित किए। बिलासपुर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज तथा बहुप्रतीक्षित भानुपल्ली-बिलासपुर-बेरी रेल लाइन परियोजना को गति मिली। धौलासिद्ध हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाने में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

हमीरपुर में मेडिकल कॉलेज, उना में ट्रिपल आईटी, पीजीआई सैटेलाइट सेंटर, केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसी अनेकों योजनाएं अपने संसदीय क्षेत्र में खुलवाई , उन्होंने शिक्षा और खेलों के क्षेत्र में नई संभावनाओं के द्वार खोले। राष्ट्रीय राजमार्गों के विस्तार, रिंग रोड परियोजनाओं तथा बेहतर सड़क संपर्क के माध्यम से क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी गई।

कोरोना काल जैसी कठिन परिस्थितियों में भी अनुराग ने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करवाए और लोगों को राहत पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हजारों परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध करवाने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

खेल महाकुंभ जैसे आयोजनों के माध्यम से हजारों युवाओं को खेलों से जोड़ने का कार्य किया गया। भारत दर्शन कार्यक्रम के जरिए प्रतिभाशाली और आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को देश के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण करवाकर उनके ज्ञान और अनुभव का विस्तार किया गया। गरीब बच्चों के लिए नि:शुल्क कोचिंग और पोषण सहायता जैसी योजनाओं ने अनेक परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया।

महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं को बढ़ावा दिया गया, जिसके परिणामस्वरूप आज अनेक बहनें आर्थिक रूप से सशक्त बनकर अपने परिवारों की मजबूती का आधार बनी हैं।

## अनुराग सिंह ठाकुर ने दिवंगत डेक कैडेट आदित्य शर्मा के परिजनों से मिलकर जताई संवेदना

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं हमीरपुर सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सोमवार को हड़ेटा पंचायत के सिमलां दा ग्रां गांव पहुंचकर मर्चेंट नेवी के दिवंगत डेक कैडेट आदित्य शर्मा के परिजनों से मुलाकात कर गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आदित्य शर्मा के पिता राजेश शर्मा एवं दादा अशोक शर्मा सहित अन्य परिजनों को ढांढस बंधाते हुए इस असहनीय दु:ख की घड़ी में हरसंभव सहयोग और संबल प्रदान करने का भरोसा दिलाया। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि युवा आदित्य शर्मा का असामयिक निधन पूरे हिमाचल प्रदेश और देश के लिए अत्यंत पीड़ादायक है। इतनी कम उम्र में देश का एक होनहार नौजवान दुनिया से विदा हो गया, जिसकी क्षति कभी पूरी नहीं की जा सकती। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। गौरतलब है कि 10 जून को ओमान तट के निकट होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में पलाऊ ध्वज वाले तेल टैंकर 'एमटी सेट्टेबेलो' पर हुए अमेरिकी सैन्य हमले में 23 वर्षीय डेक कैडेट आदित्य शर्मा सहित तीन भारतीय नाविकों की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो गई थी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, जैसे ही इस दुखद घटना की जानकारी मिली, मैंने विदेश मंत्रालय, भारतीय दूतावास और संबंधित अधिकारियों से लगातार संपर्क बनाए रखा।

## संक्षिप्त खबरें

### हमीरपुर में शुरू हुआ राज्य नशा निवारण बोर्ड के कार्यालय का संचालन



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** शिमला से हमीरपुर स्थानांतरित किए गए राज्य नशा निवारण बोर्ड के कार्यालय का संचालन सोमवार से यहां उपायुक्त कार्यालय परिसर के बचत भवन में विधिवत रूप से आरंभ हो गया। बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार नरेश ठाकुर ने सोमवार सुबह करीब 11:30 बजे मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू और अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति में इस नए कार्यालय में विधिवत रूप से कार्यभार संभाल लिया। हमीरपुर में बोर्ड के कार्यालय की स्थापना के लिए नरेश ठाकुर को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में नशे के खिलाफ एक बहुत बड़ा अभियान शुरू किया है। इस अभियान को गति प्रदान करने में बोर्ड का यह कार्यालय महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि नरेश ठाकुर ने विद्यार्थी जीवन से ही विभिन्न संगठनों में कई बड़ी जिम्मेदारियों का बखूबी निर्वहन किया है और राज्य नशा निवारण बोर्ड के संयोजक एवं सलाहकार के रूप में भी वह सरकार, प्रशासन, मीडिया और आम लोगों के सहयोग से नशा विरोधी मुहिम को आगे बढ़ा रहे हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू और सुनील शर्मा बिट्टू का आभार व्यक्त करते हुए नरेश ठाकुर ने कहा कि हमीरपुर में राज्य नशा निवारण बोर्ड के कार्यालय की स्थापना प्रत्येक हमीरपुरवासी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने नशे के विरुद्ध एक बहुत बड़ी जंग शुरू की है।

### एनआईटी हमीरपुर और आईआईटी रुड़की के सहयोग से एनपीटीईएल पर स्मार्ट बिल्डिंग्स पर नया ऑनलाइन कोर्स शुरू

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संवर्धित अधिगम कार्यक्रम के अंतर्गत "Intelligent and Smart Building in the Conte&t of Futuristic Architecture" नामक नया ऑनलाइन पाठ्यक्रम शुरू किया गया है। इस पाठ्यक्रम को आईआईटी रुड़की और एनआईटी हमीरपुर के संयुक्त प्रयासों से विकसित किया गया है। इस कोर्स को आईआईटी रुड़की के वास्तुकला एवं नियोजन विभाग के प्रो. पी. एस. चानी तथा एनआईटी हमीरपुर के वास्तुकला विभाग की डॉ. वेणु श्री ने तैयार किया है। पाठ्यक्रम में स्मार्ट बिल्डिंग, ऊर्जा दक्षता, इंटरनेट ऑफ थिंग्स (द्वश्ज्ञ), भवन स्वचालन तथा भविष्य की वास्तुकला से जुड़ी आधुनिक तकनीकों को शामिल किया गया है। आज के समय में स्मार्ट सिटी और टिकाऊ विकास की दिशा में तेजी से काम हो रहा है। ऐसे में भवन निर्माण और वास्तुकला के क्षेत्र में नई तकनीकों की जानकारी बेहद आवश्यक हो गई है। यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों, शोधार्थियों, वास्तुकारों, अभियंताओं और उद्योग जगत के पेशेवरों को इन आधुनिक तकनीकों की समझ प्रदान करेगा। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एच. एम. सूर्यवंशी ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह पाठ्यक्रम संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की पहलें विद्यार्थियों और पेशेवरों को उभरती हुई तकनीकों से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। संस्थान की कुलसचिव डॉ. अर्चना संतोष नानोटी ने कहा कि यह उपलब्धि राष्ट्रीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में एनआईटी हमीरपुर के निरंतर प्रयासों का परिणाम है।

## डेवलपमेंट मैनेजर व लाइफ़ मित्र के पदों के लिए 23 व 24 जून को होगा कैंपस इंटरव्यू

**चमन शर्मा**

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, जिला शिमला द्वारा भारतीय स्टेट बैंक लाइफ रोहड़ू में 25 वर्ष की आयु से अधिक पुरुष व महिला वर्ग के लिए नियमित आधार पर विकास प्रबंधक (डेवलपमेंट मैनेजर) के 02 पदों के लिए तथा 30 वर्ष की आयु से अधिक पुरुष व महिला वर्ग के लिए पार्ट टाइम आधार पर लाइफ मित्र (वित्तीय सलाहकार) के 10 पदों के लिए कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 23 जून, 2026 को उप रोजगार कार्यालय चिड़गांव में तथा 24 जून, 2026 को उप रोजगार कार्यालय रोहड़ू में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विकास प्रबंधक के पद के लिए शैक्षिणिक योग्यता स्नातक पास और मानदेय 20 हजार रुपए व अतिरिक्त इनसेंटिव तथा लाइफ़ मित्र के पद के लिए शैक्षिणिक योग्यता बारहवीं पास व मानदेय कमीशन/टारगेट बेस्ड निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है और जिनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है वह संबंधित साईट eemis.hp.nic.in पर जा कर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98174-09101 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## चुरूडू में टॉवर वैन की चपेट में आने से प्रवासी की मौत

**राजन पुरी**

**ऊना।** उपमंडल अंब के तहत चुरूडू में टॉवर वैन की चपेट में आने से 36 वर्षीय प्रवासी युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बृजेश पुत्र श्रीराम निवासी बदायूं उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है। रेलवे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक रविवार शाम को टॉवर वैन चुरूडू में रेलवे ट्रेक के ऊपर लगी बिजली लाइन का निरीक्षण व जांच कर रही थी। इस दौरान वैन रेलवे ट्रेक पर चल रही थी कि अचानक एक युवक वैन की चपेट में आ गया। बताया जा रहा है कि युवक रेलवे ट्रेक क्रॉस कर रहा था, कि हादसा हो गया।

## प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर कलोल में कार्यशाला, अनुराग ठाकुर ने बताए फायदे

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानव विकास संस्थान कलोल के तत्वावधान में सोमवार को कलोल के लग्ग-दयो स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि तथा झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल , जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल व मंडल अध्यक्ष रसम चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यशाला के दौरान कई किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने शौर्य चक्र विजेता शहीद बलदेव चंद के परिजनों, पद्मश्री नेकराम शर्मा, पद्मश्री हरिमन शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्राकृतिक खेती केवल एक पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की समग्र सोच है। इससे मिट्टी की सेहत सुधरती है, उत्पादन लागत घटती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का भी उल्लेख किया।



विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों से बचने का सबसे कारगर उपाय प्राकृतिक खेती है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और स्वास्थ्य सुधार का प्रभावी माध्यम बताया।

## कुठार खुर्द में दो पक्षों के बीच हथियार से हमला व नकदी लूटने का आरोप

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना सदर ऊना के तहत कुठार खुर्द में दो पक्षों मारपीट का मामला सामने आया है। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट, धमकी और नकदी छीनने के गंभीर आरोप लगाए हैं। पुलिस ने दोनों ओर से मिली शिकायत के आधार पर क्रॉस केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में शिशु शर्मा निवासी कतना मोहगा ने बताया कि गत शाम अपनी लकड़ी के काम की दुकान पर मौजूद था। इसी दौरान गगन, सौरव, गौरव और चार अन्य लोग वहां पहुंचे और उस पर धारदार हथियारों तथा डंडों से हमला कर दिया। शिशु का आरोप है कि हमले के दौरान उसे गंभीर चोटें पहुंचाई गईं और उसकी जेब से करीब 47 हजार रुपये भी निकाल लिए गए। साथ ही आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं दूसरे पक्ष के गगनदीप निवासी कुठार खुर्द ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह शाम सब्जियों से भरा टेंपो लेकर ऊना सब्जी मंडी जा रहा था।

## 30 जून तक संतोषजनक प्रगति न होने की स्थिति में ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट और कॉन्ट्रैक्ट खत्म करें: जगत नेगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी की अध्यक्षता में आज यहां मंडी एवं ऊना जिला में एचपी शिवा परियोजना की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बागवानी मंत्री ने मंडी जिले के 98 क्लस्टरों में लगभग 1085 हेक्टेयर क्षेत्र तथा ऊना जिले के 12 क्लस्टरों में लगभग 224 हेक्टेयर क्षेत्र में संचालित परियोजना गतिविधियों की समीक्षा की। सिविल कार्यों की स्थिति, पेश आ रही चुनौतियों, कार्यों की गुणवत्ता तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा करने पर विस्तृत चर्चा की गई।



जगत सिंह नेगी ने कहा कि रुके कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी परिस्थिति में समय-सीमा में कोई विस्तार नहीं दिया जाएगा। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि परियोजना के कार्यान्वयन में होने वाली देरी पर सभी स्तरों पर जवाबदेही तय की जाएगी।

जगत सिंह नेगी ने बागवानी विभाग के अधिकारियों को परियोजना गतिविधियों की प्रतिदिन निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ठेकेदारों की लापरवाही पर कॉन्ट्रैक्ट के प्रावधानों के तहत प्रशासनिक कार्रवाई के साथ-साथ जुर्माना भी लगाया जाए।

उन्होंने कुछ एजेंसियों और ठेकेदारों के कार्य निष्पादन पर चिंता जाहिर करते हुए 30 जून तक संतोषजनक प्रगति न होने की स्थिति में कमजोर प्रदर्शन करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट और साथ ही कॉन्ट्रैक्ट खत्म करने के निर्देश दिए।

बागवानी मंत्री ने सभी हितधारकों को अगली समीक्षा बैठक से पूर्व उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पौध स्वास्थ्य प्रबंधन के लिए सब्जेक्ट मैटर स्पेशलिस्ट और प्रबंधन विशेषज्ञ जवाबदेह होंगे और वे किसानों को विभिन्न कृषि एवं बागवानी कार्यों, के संबंध में तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करेंगे।

उन्होंने जल शक्ति विभाग और राज्य विद्युत बोर्ड को परियोजना स्थलों पर जल एवं विद्युत आपूर्ति की समयबद्ध उपलब्धता सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल शक्ति विभाग पूर्ण हो चुकी सभी उठाऊ सिंचाई योजनाओं का हस्तांतरण करने से पूर्व एक माह तक स्वयं संचालित करें।

## कुणाह खड्ड में अवैध खनन का आरोप, ग्रामीणों ने प्रशासन से की तत्काल कार्रवाई की मांग

**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** ग्राम पंचायत मस्याणा के तहत महयाणा गांव के लोगों ने कुणाह खड्ड में कथित अवैध खनन को लेकर प्रशासन के समक्ष गंभीर शिकायत दर्ज करवाई है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के समीप संचालित एक क्रशर इकाई के लिए खड्ड में बड़े पैमाने पर खनन किया जा रहा है, जिससे श्मशान घाट, पेयजल योजना और आसपास के क्षेत्र को खतरा पैदा हो गया है।

ग्रामीणों के अनुसार, रविवार सुबह गांव के लोग मौके पर पहुंचे तो पाया कि श्मशान घाट के साथ-साथ उस स्थान के निकट, जहां जल शक्ति विभाग का टैंक स्थापित है, लगभग 15 से 20 फुट तक गहरी खुदाई की गई है। उनका कहना है कि खनन के कारण वहां खतरनाक ढलान बन गई है और आगामी बरसात में श्मशान घाट को भारी नुकसान पहुंच सकता है।



शिकायत में कहा गया है कि मौके पर एक ट्रैक्टर बजरी और पत्थर भरता हुआ पाया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि यह सामग्री क्रशर तक पहुंचाई जा रही थी। उन्होंने मौके की तस्वीरें और अन्य साक्ष्य भी प्रशासन को सौंपने की बात कही है।

ग्रामीणों ने यह भी बताया कि जिस स्थान पर खनन हो रहा है, उसके समीप हिमाचल प्रदेश सरकार की पेयजल योजना का ढांचा मौजूद है। साथ ही सांसद निधि से निर्मित श्मशान घाट भी वहीं स्थित है।

## यूटिलिटी वर्कर/वेटर/स्टीवर्ड के 03 पदों के लिए 24 जून को होगा कैंपस इंटरव्यू

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी शिमला प्रवीन नगराईक ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्रीय रोजगार कार्यालय शिमला, जिला शिमला द्वारा होटल रॉयल रिजेंसी ढली बाईपास में 19 से 25 वर्ष की आयु (पुरुष व महिला) वर्ग के लिए यूटिलिटी वर्कर/वेटर/स्टीवर्ड के 03 पदों पर कैंपस इंटरव्यू का आयोजन 24 जून, 2026 को उप रोजगार कार्यालय मशोबरा में प्रात: 10:30 बजे से आयोजित किया जाएगा।




उन्होंने बताया कि उपरोक्त वर्णित पद के लिए शैक्षिणिक योग्यता बारहवीं पास/स्नातक पास और मानदेय 12 से 14 हजार रुपए प्रति माह निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आवेदक का नाम रोज़गार कार्यालय में ऑनलाइन पंजीकृत होना अनिवार्य है और जिनका नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत नहीं है वह संबंधित साईट eemis.hp.nic.in पर जा कर घर बैठे ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 98173-96834 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## अंदौरा अप्पर में समर मेले के दौरान बच्चों और अभिभावकों को किया जागरूक

**राजन पुरी**

**ऊना।** ग्राम पंचायत अंदौरा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र अंदौरा अपर गु%जर बस्ती में आयोजित समर मेले के दौरान जिला बाल संरक्षण इकाई ऊना की टीम ने विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों, अभिभावकों और ग्रामीणों को बाल संरक्षण, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 तथा बाल अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की गईं।

बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप ने बताया कि चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 बच्चों की सुरक्षा और सहायता के लिए 24 घंटे कार्यरत एक नि:शुल्क आपातकालीन सेवा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ शोषण, बाल मजदूरी, उत्पीड़न, उपेक्षा या अन्य किसी प्रकार का अन्याय हो रहा हो तो इसकी सूचना तुरंत 1098 पर दी जा सकती है, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बाल विवाह कानूनन अपराध है और यदि कहीं बाल विवाह होने की सूचना मिले तो इसकी शिकायत तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन पर की जानी चाहिए। इस दौरान जिला बाल संरक्षण टीम के कोऑर्डिनेटर मंजूर ने भी बच्चों के अधिकारों, शिक्षा के महत्व और सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।



# बच्चों को शोषण से बचाने में पुलिस की भूमिका महत्वपूर्ण: डॉ मदन कुमार




टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** आज मंडी पुलिस के लिए जिला बाल संरक्षण इकाई की ओर से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी डॉ. मदन कुमार ने की। कार्यशाला में जिला मंडी के करीब 50 पुलिस अधिकारियों ने भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों की देखभाल और सुरक्षा के लिए बने विभिन्न अधिनियमों पर पुलिस अधिकारियों को अपडेट करना था। कार्यशाला में मुख्य स्रोत व्यक्ति के रूप में ज़िला बाल संरक्षण अधिकारी एन.आर. ठाकुर, अधिवक्ता मुकेश सैनी और प्रोबेशन अधिकारी रमा कुमारी उपस्थित रहे। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र पर एडीएम डॉ. मदन कुमार ने कहा कि समय-समय पर कानून से जुड़े लोगों के लिए ऐसी कार्यशालाएं आयोजित होती रहनी चाहिए ताकि नियमों और बच्चों की सुरक्षा के लिए किए गए कानूनी प्रावधानों व बदलावों की अद्यतन जानकारी मिल सके। उन्होंने कहा कि सही कानूनी जानकारी बच्चों के अधिकारों को सुरक्षित करने और उन्हें शोषण से बचाने के लिए कारगर साबित हो सकती है। डॉ मदन ने कहा कि बच्चों के लिए बने ये अधिनियम उनके सर्वोत्तम हितों की रक्षा करने, बच्चों को शोषण से बचाने, पुनर्वास, शिक्षा और गुणवतापूर्ण जीवन जीने के लिए अहम भूमिका निभाते है तथा पुलिस के लिए भी रोडमैप का काम करते हैं। अत: पुलिस की निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्यप्रणाली से बच्चों का भविष्य संवर सकता है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी एन.आर. ठाकुर ने प्रतिभागियों को बाल अधिकारों, किशोर न्याय अधिनियम, बाल शोषण व बाल तस्करी रोकथाम के खिलाफ पुलिस की भूमिका पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने खोए बच्चों पर सर्वोच्च न्यायालय बनाम तमिलनाडु सरकार मुकदमे पर दिए फैसले पर भी पुलिस से जानकारी सांझा की।

# नगर पंचायत बंजार में भाजपा का दबदबा बरकरार : विधायक सुरेंद्र शौरी



टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** नगर पंचायत बंजार में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों पर भारतीय जनता पार्टी समर्थित उम्मीदवारों की शानदार विजय पर विधायक बंजार श्री सुरेंद्र शौरी ने समस्त क्षेत्रवासियों, भाजपा कार्यकर्ताओं एवं नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। विधायक ने कहा कि यह विजय केवल एक चुनावी सफलता नहीं है, बल्कि बंजार की जनता द्वारा भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों, विकासोन्मुख सोच और जनसेवा के प्रति व्यक्त किए गए अटूट विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की जनविरोधी नीतियों, वादाखिलाफी तथा विकास कार्यों की उपेक्षा से जनता निराश है और इस चुनाव परिणाम के माध्यम से जनता ने अपना स्पष्ट संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सदैव विकास, पारदर्शिता और जनहित के सिद्धांतों पर कार्य करती रही है तथा नगर पंचायत बंजार के नए नेतृत्व के मार्गदर्शन में क्षेत्र में विकास कार्यों को और अधिक गति मिलेगी।

# कांग्रेस पहले हिमाचल की बदहाली का जवाब दे, केंद्र सरकार पर आरोप लगाकर जनता को गुमराह करना बंद करे : अजय ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय ठाकुर ने कांग्रेस नेताओं द्वारा नीट मामले को लेकर केंद्र सरकार पर लगाए जा रहे आरोपों को दुर्भाग्यपूर्ण और राजनीतिक अवसरवाद बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को भाजपा पर हमला करने से पहले अपने शासनकाल के घोटालों को याद करना चाहिए। यूपीए सरकार भ्रष्टाचार और घोटालों के लिए जानी जाती थी, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्ष सेवा, सुशासन, विकास और विश्वास के लिए याद किए जाएंगे।

अजय ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के हर वर्ग के कल्याण के लिए ऐतिहासिक कार्य किए हैं। आज भारत विश्व में एक मजबूत और विश्वसनीय राष्ट्र के रूप में स्थापित हुआ है। कांग्रेस को



यह विकास रास नहीं आ रहा है, इसलिए उसके नेता निराधार बयानबाजी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को केंद्र सरकार को कोसने के बजाय हिमाचल प्रदेश की वर्तमान स्थिति पर जवाब देना चाहिए। प्रदेश में विकास कार्य प्रभावित हैं, शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है तथा कानून व्यवस्था को लेकर भी लगातार प्रश्न उठ रहे हैं। कांग्रेस सरकार अपने चार वर्षों की कोई उल्लेखनीय उपलब्धि जनता के सामने नहीं रख पा रही है। उन्होंने मंडी में कांग्रेस नेताओं द्वारा दिए गए बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि कुछ नेता केवल मीडिया की सुर्खियों में बने रहने के लिए इस प्रकार की बयानबाजी कर रहे हैं। न तो कांग्रेस संगठन उन्हें गंभीरता से लेता है और न ही प्रदेश की जनता।

कांग्रेस नेताओं को ध्यान रखना चाहिए कि मंडी की जनता सकारात्मक राजनीति, विकास और जनहित के मुद्दों को पसंद करती है, न कि नकारात्मक और भ्रामक राजनीति को।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेताओं को आरोप-प्रत्यारोप छोड़कर प्रदेश के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान पर ध्यान देना चाहिए।

## 23 जून को बिजली आपूर्ति रहेगी बंद

मंडी। सहायक अभियन्ता विद्युत उपमंडल साईग्लू विनीत ठाकुर ने बताया कि विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए 23 जून को 22 केवी तल्याड़ फीडर, बीर फीडर तथा कोटली फीडर को आंशिक रूप से बंद रखा जाएगा। इस दौरान फीडरों की आवश्यक मरम्मत, रखरखाव तथा पेड़ों एवं झाड़ियों की कटाई-छंटाई का कार्य किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्य के चलते विद्युत उपमंडल साईग्लू के अंतर्गत गोखड़ा, बटाहर, लोट, नालसन, बतेड़, बतौर, तरनोह, घेरु, खपरेड़ा, नेरण, थाम्बा, कून, कोट, दुबल, माहन, रोपा मत्याहल, खलानू, कासन, धन्यारा, कुसमल, ढढाल, बलांहर, सुकसाल तथा आसपास के क्षेत्रों में 23 जून को सुबह 10:00 बजे से शाम 5:00 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

# जगतसुख में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** उद्योग विभाग द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के राइजिंग एंड एक्सलरेटिंग एमएसएमई परफोर्मेंस कार्यक्रम के अंतर्गत जगतसुख स्थित पंचायत भवन में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता जिला उद्योग केंद्र की ओर से आर्थिक अन्वेषक श्री अनुज कुमार द्वारा की गई। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में पारंपरिक तरीकों से निकलकर आधुनिक व्यावसायिक




तौर-तरीकों को अपनाना बेहद जरूरी हो गया है। आज के समय में उद्यमिता प्रशिक्षण और डिजिटल बाजार (ई-कॉमर्स) की समझ ही किसी भी छोटे व्यवसाय को बड़े मुकाम तक पहुँचा सकती है। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम जैसी योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और बताया कि कैसे युवा और महिलाएं सरकारी वित्तीय सहायता, बैंक ऋण और भारी सब्सिडी का लाभ उठाकर अपनी नई विनिर्माण या सेवा इकाई स्थापित कर सकते हैं।

## महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और कल्याण कार्यों की समीक्षा

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** जिला कार्यक्रम अधिकारी कार्यालय कुल्लू में 'सक्षम गुड़िया बोर्ड' की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बोर्ड की उपाध्यक्ष अरुणा महाजन ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण और कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश भर में महिलाओं और बालिकाओं के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने हेतु पुलिस विभाग का सहयोग लेते हुए और महिला एवं बाल विकास विभाग को आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने 'सक्षम गुड़िया' के तहत चलाई जा रही आत्मरक्षा प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशालाओं के प्रदर्शन की समीक्षा की। बैठक में सरकार द्वारा महिलाओं के उत्थान और बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लागू की जा रही नई विकासात्मक पहलों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए कार्ययोजना तैयार की गई। उपाध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महिला सुरक्षा से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण स्तर तक जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि सक्षम गुड़िया बोर्ड हिमाचल प्रदेश की नवनियुक्त उपाध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने के उपरांत जिला स्तर पर यह उनकी पहली समीक्षा बैठक है। उन्होंने कहा की वे प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं की समीक्षा के लिए नियमित रूप से ज़मीनी स्तर तक कार्य सुनिश्चित करेंगी।

## पूर्व सैनिकों का सम्मान समारोह, 50 से अधिक पूर्व सैनिक चुने गए जनप्रतिनिधि



टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** मंडी जिला पूर्व सैनिक लीग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के हालिया चुनावों में विजयी हुए पूर्व सैनिकों के सम्मान में एक विशेष समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में युद्ध सेवा मेडल से सम्मानित ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजयी पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए इसे जिले और समाज के लिए गर्व का विषय बताया। ब्रिगेडियर खुशाल ठाकुर ने कहा कि इस बार 50 से अधिक पूर्व सैनिक प्रधान, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य और जिला परिषद सदस्य के रूप में चुने गए हैं। उन्होंने कहा कि सेना में सेवा के दौरान विकसित अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और कार्य संस्कृति के कारण लोगों को पूर्व सैनिकों से विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों ने पहले देश की सीमाओं की रक्षा की है और अब वे जनप्रतिनिधि बनकर समाज और क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल तारा प्रताप सिंह राणा ने बताया कि समारोह में 50 से अधिक पूर्व सैनिक जनप्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को यह संदेश दिया गया है कि वे राजनीतिक भावनाओं से ऊपर उठकर कार्य करें, जनता की समस्याओं और भावनाओं को समझें तथा विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।

## पार्वती घाटी की लोड कैरिंग क्षमता का हो अध्ययन : सुंदर सिंह ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू।** पार्वती घाटी में पर्यटन, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता तथा आधारभूत सुविधाओं के विकास को लेकर लोकल एरिया डेवलपमेंट अथॉरिटी (लाडा) की महत्वपूर्ण बैठक वन विभाग विश्राम गृह, कसोल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता लाडा के अध्यक्ष एवं विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने की। कसोल, मणिकर्ण तथा आसपास के क्षेत्रों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और विकासात्मक आवश्यकताओं पर आयोजित बैठक में उपायुक्त, अनुराग चंद्र शर्मा विशेष रूप में उपस्थित रहे। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने एनएचपीसी अधिकारियों को लाडा के अंतर्गत देय राशि शीघ्र जमा करवाने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के विकास कार्यों को गति प्रदान की जा सके। बैठक में पार्वती घाटी में लगातार बढ़ रहे पर्यटन दबाव और यातायात संबंधी चुनौतियों पर विशेष मंथन हुआ। सड़क मार्गों की स्थिति, विभिन्न स्लाइडिंग प्वाइंट्स पर जमा मलबे को हटाने, दुर्घटना संभावित ब्लैक स्पॉट्स की पहचान तथा यातायात व्यवस्था को अधिक सुचारू बनाने के उपायों पर चर्चा की गई। वॉल्वो बसों की आवाजाही के समय को रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक सीमित करने का सुझाव भी रखा गया ताकि यातायात जाम की समस्या को कम किया जा सके। इस अवसर पर विधायक सुंदर सिंह ठाकुर ने हाल ही में निर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास में जनप्रतिनिधियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पार्वती घाटी में बढ़ती पर्यटकों की संख्या को देखते हुए आधारभूत सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता बन गया है। उन्होंने विशेष रूप से स्ट्रीट लाइट और सीवरेज व्यवस्था को प्राथमिकता देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि मणिकर्ण और कसोल जैसे विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए क्षेत्र की लोड कैरिंग कैपेसिटी का वैज्ञानिक आकलन करवाना आवश्यक है। इसके लिए किसी पेशेवर एजेंसी अथवा विशेषज्ञ टीम से विस्तृत अध्ययन करवाने का सुझाव दिया गया ताकि ओवर-टूरिज्म से उत्पन्न होने वाली समस्याओं का समय रहते समाधान खोजा जा सके और पर्यटन को टिकाऊ स्वरूप प्रदान किया जा सके। विधायक ने एनएचपीसी अधिकारियों को मणिकर्ण-बरशैणी सड़क मार्ग की मरम्मत तथा मार्ग पर पड़े मलबे को समयबद्ध तरीके से हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क से संबंधित भूमि एनएचपीसी के नाम दर्ज है, इसलिए इसे लोक निर्माण विभाग के नाम हस्तांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए, जिससे सड़क के रखरखाव और उन्नयन के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन उपलब्ध हो सकें। बैठक में मणिकर्ण में पर्यटन विभाग की भूमि पर एक पार्क विकसित करने के लिए लाडा से धनराशि उपलब्ध करवाने पर सहमति बनी।

# फौजी के बेटों ने रचा इतिहास, एक वायु सेना ऑफिसर तो दूसरा बना एसओ

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** सैनिक बन कर देश सेवा करने वाले पिता के संस्कारों पर चलते हुए मंडी जिले के दरांग क्षेत्र के बड़ागांव के दो सपूतों ने पूरे क्षेत्र का नाम रोशन कर दिया है। मंडी जिला के बड़ागांव, डाकघर द्रंग, तहसील पधर निवासी सेवानिवृत्त फौजी नेक राम ठाकुर सुपुत्र स्व. सुंदर सिंह के घर इन दिनों जश्न का माहौल है। उनके बड़े बेटे सौरव ठाकुर ने भारतीय वायुसेना में विंग कमांडर की कठिन ट्रेनिंग पूरी कर ली है।



अब वे देश की हवाई सुरक्षा की कमान संभालेंगे। उनके छोटे बेटे अमित ठाकुर ने भी बड़ी छलांग लगाई है। अमित पहले पुलिस विभाग में कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। कड़ी मेहनत करके उन्होंने एसओ की परीक्षा पास की है। अब उनका चयन एसओ के पद पर हुआ है। वर्तमान में वे हिप्पा में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। बेटों की इस दोहरी उपलब्धि पर गदगद पिता नेक राम ठाकुर ने नियुक्ति एवं चयन के उपलक्ष्य में गांव में मंडयाली धाम का आयोजन किया, जिसमें रिश्तेदारों और गांववासियों ने शिरकत कर परिवार को बधाई दी

## पंचायत समिति कुल्लू के अध्यक्ष यमुना तथा सुन्दर सिंह उपाध्यक्ष

टीम एक्शन इंडिया
श्याम कुल्वी

**कुल्लू। पंचायत** समिति कुल्लू के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का चुनाव उपमंडलाधिकारी कुल्लू निशांत ठाकुर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इसमें अध्यक्ष पद के लिए यमुना 10 मत हासिल कर विजयी रही जबकि हर्षा ठाकुर को 8 मत मिले। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए नूप राम एवं सुंदर सिंह को बराबर 9-9 मत प्राप्त हुए। बराबर मत मिलने के बाद पर्ची के माध्यम विजेता का निर्धारण करने पर सुन्दर सिंह उपाध्यक्ष के लिए विजयी घोषित हुए। परिणाम घोषित होने के उपरान्त उपंडलाधिकारी ने अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ भी दिलाई।

## जरल स्कूल में सीडीपीओ ने किया निरीक्षण, विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से किया जागरूक



टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** 'अपना विद्यालय-दि हिमाचल स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम' के अंतर्गत बाल विकास परियोजना अधिकारी सुंदरनगर पूनम चौहान ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जरल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, विद्यार्थियों की प्रगति तथा आधारभूत सुविधाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सीडीपीओ पूनम चौहान ने विद्यार्थियों के साथ संवाद स्थापित कर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा निवारण अभियान की जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों, इसके सामाजिक और पारिवारिक दुष्परिणामों के साथ-साथ संबंधित कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि युवा वर्ग समाज की सबसे महत्वपूर्ण शक्ति है और नशामुक्त समाज के निर्माण में विद्यार्थियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान करते हुए कहा कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने परिवार, मित्रों तथा आसपास के लोगों को भी नशे के खिलाफ जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जागरूकता और सामूहिक प्रयासों से ही समाज को नशे की समस्या से मुक्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक में शैक्षणिक गुणवत्ता, विद्यालय की आवश्यकताओं तथा विभिन्न विकासात्मक मुद्दों पर चर्चा की गई। सीडीपीओ ने विद्यालय प्रशासन द्वारा उठाए गए विषयों को गंभीरता से सुना और उन्हें उच्चाधिकारियों के समक्ष उठाने का आश्वासन दिया। उन्होंने विद्यालय में किए जा रहे शैक्षणिक प्रयासों की सराहना करते हुए भविष्य में भी हरसंभव सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया।

# गैस गोदाम के आसपास ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए : एसडीएम

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** करसोग में एलपीजी उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उपमंडलाधिकारी नागरिक करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में गैस एजेंसी प्रबन्धन तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसडीएम ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि गैस एजेंसी के गोदाम के समीप लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से निपटने के लिए गाड़ियों की पार्किंग हेतु पार्किंग क्षेत्र चिन्हित किए जाएंगे ताकि लोगों को असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गैस गोदाम के आसपास ट्रैफिक की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि गैस एजेंसी के गोदाम के समीप वाहनों को बेतरतीब ढंग से खड़ा न किया जाए, ताकि गैस सिलेंडरों के परिवहन एवं वितरण कार्य में



किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो तथा सुरक्षा मानकों का पालन भी सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग एलपीजी उपभोक्ता गैस सिलेंडर रिफिल करवाने से पहले गैस एजेंसी से संपर्क कर ले ताकि उनकी सुविधा के लिए पहले से व्यवस्था की जा सके। उन्होंने गैस एजेंसी प्रबंधन को निर्देश दिए कि वरिष्ठ नागरिको एवं बुजुर्ग एलपीजी उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए अलग से उचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि गैस वितरण एवं संबंधित सेवाओं के लिए वयोवृद्ध नागरिकों को प्राथमिकता प्रदान की जानी चाहिए ताकि उन्हें अनावश्यक प्रतीक्षा का सामना न करना पड़े।

बैठक में उपभोक्ता सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने और गैस वितरण प्रणाली को सुचारू बनाए रखने पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर डीएसपी करसोग चांद किशोर, इंस्पेक्टर फूड सिविल सप्लाई एवं कंज्यूमर अफेयर जगत राम वर्मा, प्रभारी सिविल सप्लाई गैस एजेंसी करसोग सोम कृष्ण व नगर पंचायत करसोग के अध्यक्ष किशोर कुमार उपस्थित थे।

## 25 जून को आईटीआई इलेक्ट्रीशियन के 35 अस्थाई पदों के लिए साक्षात्कार

मंडी। जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि आईटीआई इलेक्ट्रीशियन के 35 अस्थाई पदों के लिए 25 जून को साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। चयनित अभ्यर्थियों की नियुक्ति शर्मा क्रिएशन द्वारा की जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थियों से कार्य उप-विभागीय विद्युत अधिकारी सुन्दरनगर में लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए अभ्यर्थी का आई.टी.आई. इलेक्ट्रीशियन अथवा वायरमैन ट्रेड में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के मध्य होनी चाहिए। उक्त पदों के लिए केवल पुरुष अभ्यर्थी ही पात्र होंगे।

# नारायण सिंह पंचायत समिति सदर मंडी के अध्यक्ष तथा चूड़ामणी उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** पंचायत समिति सदर मंडी के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पदों के लिए सोमवार को विकास खंड कार्यालय सदर, भ्यूली स्थित सभागार में निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। निर्वाचन में नारायण सिंह को अध्यक्ष तथा चूड़ामणी को उपाध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन प्रक्रिया की अध्यक्षता एसडीएम एवं प्राधिकृत अधिकारी सदर मंडी रूपिंदर कौर ने की। इस अवसर पर पंचायत समिति सदर मंडी के सभी 26 नवनिर्वाचित सदस्य उपस्थित रहे। निर्धारित प्रक्रिया के तहत अध्यक्ष पद के लिए वार्ड संख्या-19 टिल्ली कैहनवाल



से पंचायत समिति सदस्य नारायण सिंह तथा उपाध्यक्ष पद के लिए वार्ड संख्या-11 देवरी से पंचायत समिति सदस्य चूड़ामणी ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए। दोनों पदों के लिए अन्य कोई नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। इसके चलते प्राधिकृत अधिकारी ने नारायण सिंह को पंचायत समिति सदर मंडी का अध्यक्ष तथा चूड़ामणी को उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया।

निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत एसडीएम रूपिंदर कौर ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

## जयदेवी क्षेत्र में कलयुगी बेटे ने की मां की हत्या, शराब के नशे में वारदात

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** उपमंडल के तहत जयदेवी क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक बेटे ने शराब के नशे में अपनी सगी मां की डंडे से पीटकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान 51 वर्षीय पार्वती देवी के रूप में हुई है, जो शिमला सचिवालय में कार्यरत थीं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना देर रात की है जब आरोपी खेमा राम अपने पिता खूब राम के साथ शराब पी रहा था। इसी दौरान किसी बात को लेकर पिता-पुत्र के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद बढ़ता देख पार्वती देवी ने बीच-बचाव करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी की उनसे भी कहासुनी हो गई। आरोप है कि गुस्से में आकर खेमा राम ने पास पड़े एक भारी डंडे से अपनी मां के सिर पर जोरदार वार कर दिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के कारण पार्वती देवी की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना बीएसएल कॉलोनी की टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। मृतका के पति 61 वर्षीय खूब राम की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी खेमा राम को गिरफ्तार कर लिया है। उसके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की हत्या से संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर आगामी जांच जारी है।

# नीट पेपर लीक के असली जिम्मेदार धर्मेंद्र प्रधान, तुरंत हों गिरफ्तार : बंबर ठाकुर

टीम एक्शन इंडिया

**मंडी।** कांग्रेस प्रदेश महासचिव एवं बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर ने मंडी में आयोजित संयुक्त प्रेस वार्ता में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि वह शिक्षा मंत्री नहीं, नीट पेपर लीक के प्रधान हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार के कार्यकाल में बार-बार नीट परीक्षा के पेपर लीक हुए हैं, जिससे लाखों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर लग गया है। उन्होंने कहा कि 2016, 2017, 2021, 2024 और 2026 में नीट परीक्षा से जुड़े पेपर लीक के मामले सामने आए हैं। उनका कहना था कि एक बार गलती हो सकती है, लेकिन बार-



बार पेपर लीक होना किसी बड़ी साजिश की ओर इशारा करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ खास लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए परीक्षाओं की गोपनीयता से खिलवाड़ किया जा रहा है। पेपर लीक मामलों से देशभर के विद्यार्थी मानसिक तनाव झेल रहे हैं और कई युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। कांग्रेस पार्टी के निर्देश पर वह मंडी जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों, पंचायतों, स्कूलों और कॉलेजों में जाकर विद्यार्थियों की राय जानेंगे और उनकी समस्याओं को सामने लाएंगे।

# नाहन मेडिकल कॉलेज में चरमराई स्वास्थ्य सुविधाएं, मेडिकल निर्माण शुरू नहीं करवा पाई कर सरकार : डॉ राजीव बिंदल

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** नाहन मेडिकल कॉलेज की स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने प्रदेश सरकार पर जमकर निशाना साधा है। नाहन में मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने मेडिकल कॉलेज में स्टाफ की कमी, बंद पड़े ऑपरेशन थिएटर और अधूरे भवन निर्माण जैसे मुद्दों को उठाते हुए स्वास्थ्य व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े किए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार चरमरा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चार वर्षों में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण रुके पड़े कार्य को शुरू तक नहीं करवा पाई, जबकि प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों के भवन लगभग तैयार हो चुके हैं।



डॉ. बिंदल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चार ऑपरेशन थिएटरों में से दो बंद पड़े हैं, जबकि रेडियोलॉजी और ऑर्थो विभाग में भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है।जिसका सीधा असर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने गिरि पेयजल योजना को लेकर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि नाहन शहर को मुख्य रूप से पेयजल सप्लाई करने वाली गिरि उठाऊ पेयजल योजना के चार ट्यूबवेल लंबे समय से बंद पड़े हैं, लेकिन उन्हें चालू करने के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे। उन्होंने कहा कि यदि समय रहते व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आने वाले समय में नाहन शहर में पेयजल संकट गहरा सकता है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि डॉ. वाईएस परमार मेडिकल कॉलेज नाहन में स्वास्थ्य सुविधाएं लगातार चरमरा रही हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार चार वर्षों में मेडिकल कॉलेज के भवन निर्माण रुके पड़े कार्य को शुरू तक नहीं करवा पाई, जबकि प्रदेश के अन्य मेडिकल कॉलेजों के भवन लगभग तैयार हो चुके हैं। डॉ. बिंदल ने कहा कि मेडिकल कॉलेज में चिकित्सकों और अन्य स्टाफ की भारी कमी बनी हुई है, जिससे मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि चार ऑपरेशन थिएटरों में से दो बंद पड़े हैं, जबकि रेडियोलॉजी और ऑर्थो विभाग में भी विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी है।जिसका सीधा असर मरीजों को मिलने वाली स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष विकसित भारत के संकल्प का स्वर्णिम अध्याय: त्रिलोक जम्वाल



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर,** सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक त्रिलोक जमवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि यह कालखंड भारत के इतिहास में सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण, राष्ट्रहित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए याद किया जाएगा। पिछले 12 वर्षों में देश ने हर क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और भारत विश्व मंच पर एक मजबूत एवं निर्णायक शक्ति के रूप में स्थापित हुआ है। जमवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन तथा जनधन योजना जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं ने करोड़ों परिवारों के जीवन स्तर को बेहतर बनाया है। आज गरीब, किसान, महिला, युवा और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में आधारभूत ढांचे का अभूतपूर्व विस्तार हुआ है। आधुनिक सड़कें, एक्सप्रेस.वे, रेलवे नेटवर्क, वंदे भारत ट्रेनें, हवाई अड्डों का विस्तार तथा डिजिटल इंडिया अभियान ने भारत को नई गति प्रदान की

# प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर कलोल में कार्यशाला, अनुराग ठाकुर ने बताए फायदे

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानव विकास संस्थान कलोल के तत्वावधान में सोमवार को कलोल के लग्ग-दयो स्थित शिव मंदिर परिसर में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें हमीरपुर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर मुख्य अतिथि तथा झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल , जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्ण लाल चंदेल व मंडल अध्यक्ष रसम चंदेल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यशाला के दौरान कई किसानों ने प्राकृतिक खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने शौर्य चक्र विजेता शहीद बलदेव चंद के परिजनों, पद्मश्री नेकराम शर्मा, पद्मश्री हरिमन शर्मा सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा



कि प्राकृतिक खेती केवल एक पद्धति नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की समग्र सोच है। इससे मिट्टी की सेहत सुधरती है, उत्पादन लागत घटती है और जल संरक्षण को बढ़ावा मिलता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि संभव है। उन्होंने केंद्र सरकार की विभिन्न किसान हितैषी योजनाओं का भी उल्लेख किया। विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि रासायनिक खादों के दुष्प्रभावों से बचने का सबसे कारगर उपाय प्राकृतिक खेती है। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और स्वास्थ्य सुधार का प्रभावी माध्यम बताया।

# बिलासपुर व घुमारवीं में एकल-उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ अभियान, 100 दुकानों का निरीक्षण



टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय बिलासपुर ने नगर परिषद बिलासपुर और घुमारवीं के सहयोग से प्रतिबंधित एकल-उपयोग प्लास्टिक के खिलाफ संयुक्त जागरूकता एवं निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान करीब 100 दुकानों का निरीक्षण किया गया और दुकानदारों को प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के दौरान व्यापारियों को बताया गया कि प्लास्टिक कटलरी, कैरी बैग, कैंडी स्टिक, आइसक्रीम स्टिक तथा थर्मोकोल से बनी वस्तुएं वर्तमान नियमों के तहत पूर्णतः प्रतिबंधित हैं। अधिकारियों ने उन्हें पर्यावरण संरक्षण के हित में इनका उपयोग बंद कर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की सलाह दी। साथ ही प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन नियम और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों की भी जानकारी दी गई। क्षेत्रीय अधिकारी वरुण गुप्ता और कनिष्ठ पर्यावरण अभियंता अंशुल कुमार ने दुकानदारों को एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों और कानूनी प्रावधानों से अवगत कराया। अभियान का संचालन वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी वर्षा चौधरी, कनिष्ठ अभियंता मोहित शर्मा तथा स्वच्छता पर्यवेक्षक सौरभ भारद्वाज के समन्वय से किया गया। अधिकारियों ने कहा कि प्रतिबंध को प्रभावी बनाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए ऐसे अभियान आगे भी नियमित रूप से जारी रहेंगे।

## बारबेक नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड ने अधिसूचित किए 100 पद

बिलासपुर/कश्मीर ठाकुर

जिला रोजगार अधिकारी राजेश मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि बारबेक नेशन हॉस्पिटैलिटी लिमिटेड द्वारा हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र में सामान्य डियूटी के 100 पद अधिसूचित किए है। इन पदों के लिए जिला रोजगार कार्यालय बिलासपुर में 25 जून को प्रातः 10:00 बजे से साक्षात्कार आयोजित होगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए उम्मीदवार की आयु 18 से 28 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं अथवा डिप्लोमा पास होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को 16,000 रुपये मासिक वेतन प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त चयनित अभ्यार्थियों को निशुल्क भोजन एवं आवास, पीएफ, ईएसआई, इंसेंटिव तथा कंपनी द्वारा अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जाएंगी। उन्होंने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को जॉब टेऊनिंग के साथ-साथ मान्यता प्राप्त मेधावी यूनिवर्सिटी से होटल मैनेजमेंट में डिप्लोमा अथवा डिग्री करने का अवसर प्रदान किया जाएगा, जो पूर्णतः निशुल्क होगा। चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण एवं अध्ययन सफलतापूर्वक पूर्ण करने पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र, डिप्लोमा अथवा डिग्री प्रदान की जाएगी।

# दूध पर एमएसपी के दावों की खुली पोल, दुग्ध उत्पादक सड़कों पर दूध फेंकने को मजबूर : पंकज जम्वाल

टीम एक्शन इंडिया
संगराय



**जोगिंद्रनगर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर किसानों और दुग्ध उत्पादकों के साथ छलावा करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि मुख्यमंत्री प्रदेश से बाहर जाकर मंचों से दूध पर एमएसपी देने के बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं, लेकिन हिमाचल की धरती पर वास्तविकता बिल्कुल विपरीत है। प्रदेश के विभिन्न दुग्ध संग्रहण केंद्रों पर आए दिन अव्यवस्था, देरी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण किसान अपना दूध फेंकने के लिए मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि भड़याल दुग्ध सहकारी समिति में किसानों द्वारा दूध फेंकने की घटना केवल एक अकेली घटना नहीं है, बल्कि यह कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी नीतियों और दुग्ध क्षेत्र में फैली बदइंतजामी का जीवंत उदाहरण है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो किसान सुबह से शाम तक कड़ी मेहनत करके दूध उत्पादन करते हैं, उन्हें अपनी मेहनत की कमाई को सड़कों पर बहाना पड़ रहा है। पंकज जमवाल ने कहा कि कांग्रेस सरकार सत्ता में आने के बाद लगातार किसानों और पशुपालकों के नाम पर राजनीति करती रही है। चुनावों के दौरान बड़े-बड़े वादे किए गए, लेकिन आज जमीनी स्तर पर किसानों को न तो पर्याप्त सुविधाएं मिल रही हैं और न ही उनकी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। दुग्ध संग्रहण केंद्रों पर समय पर दूध न उठाया जाना, भुगतान में देरी, अव्यवस्थित प्रबंधन और किसानों की शिकायतों की अनदेखी आम बात बन चुकी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और कांग्रेस के नेता पूरे देश में हिमाचल मॉडल का ढिंढोरा पीट रहे हैं, लेकिन यदि वास्तव में दुग्ध उत्पादकों की स्थिति इतनी बेहतर है तो फिर किसानों को विरोध प्रदर्शन करने और दूध फेंकने जैसी पीड़ादायक परिस्थितियों का सामना क्यों करना पड़ रहा है? सरकार को इस प्रश्न का जवाब प्रदेश की जनता और किसानों को देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता किसानों का कल्याण नहीं बल्कि केवल राजनीतिक प्रचार है। यही कारण है

## संक्षिप्त खबरें

### मुख्यमंत्री के एक दिवसीय रारंग दौरे पर बैठक आयोजित



टीम एक्शन इंडिया

**किन्नौर।** उपायुक्त कार्यालय में श्री अमित कुमार शर्मा की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री श्री ठाकुर सुखविन्दर सिंह सुख्खू के 24 जून, 2026 (बुधवार) को एक दिवसीय दौरे के सन्दर्भ में बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त किन्नौर ने बैठक में बताया की मुख्यमंत्री प्रातः 10:55 मिनट पर रुकलिंग हेलीपैड (जंगी) में उतरेंगे तथा प्रात 11:30 बजे हिमाचल लोक निर्माण के रारंग विश्राम गृह में पहुंचेंगे तथा उसके पश्चात् दोपहर 12:00 बजे मेला मैदान रारंग में राज्यस्तरीय गुरु संज्ञास मेले के समापन समारोह में बतौर मुख्यतीथि शिरकत करेंगे। गुरु संज्ञास मेले के समापन समारोह में मुख्यमंत्री के साथ राजस्व एवं बागवानी मंत्री श्री जगत सिंह नेगी भी मौजूद रहेंगे।

डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया की गुरु संज्ञास मेले के समापन के बाद वे दोपहर के भोजन के लिए लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह रारंग पहुंचेगे तथा दोपहर के भोजन के बाद 02:30 मिनट पर रुकलिंग हेलीपैड से शिमला के लिए रवाना होंगे।

### बाल विकास परियोजना नाहन के अन्तर्गत आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सहायिकाओं के 08 पद भरें जाएंगे

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** बाल विकास परियोजना नाहन के अन्तर्गत विभिन्न पंचायतों के आंगनबाड़ी केन्द्रों में 02 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व 06 आंगनवाड़ी सहायिकाओं के रिक्त पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 08 जुलाई, 2026 तक आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम पंचायत सुरला के आंगनबाडी केन्द्र सुरला तथा ग्राम पंचायत देवका पुड़ला के आंगनवाड़ी केन्द्र पुड़ला में आंगनबाडी कार्यकर्ता का एक-एक पद तथा ग्राम पंचायत विक्रमबाग के आंगनवाड़ी केन्द्र डाडुवाला, ग्राम पंचायत पालियो के आंगनवाड़ी केन्द्र पालियो, ग्राम पंचायत बनकला के आंगनवाड़ी केन्द्र कून और बनकला, ग्राम पंचायत ददाहू के आंगनवाड़ी केन्द्र चूली व ग्राम पंचायत त्रिलोकपुर के आंगनवाड़ी केन्द्र खैरी में आंगनबाडी सहायिकाओं का एक-एक पद भरा जायेगा। उन्होंने बताया कि आवेदक सादे कागज पर मांगे गये सत्यापित दस्तावेजों सहित 08 जुलाई, 2026 तक बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नाहन में किसी भी कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से 5 बजे तक अपने आवेदन जमा करवा सकते हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता कम से कम 12वीं पास तथा आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष तथा परिवार की वर्षिक आय 50 हजार रुपये या इससे कम होनी चाहिए। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने कहा कि आवेदनकर्ता अपने आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र, बेरोजगारी प्रमाण पत्र, वार्षिक आय प्रमाण पत्र जो कि तहसीलदार, नायब तहसीलदार या उप मंडल अधिकारी (नागरिक) द्वारा जारी किया गया

# बिलासपुर वन वृत्त में सेवानिवृत्त कानूनगो एवं पटवारियों की पुन: नियुक्ति के लिए मांगे आवेदन

टीम एक्शन इंडिया

**कश्मीर ठाकुर:** वन भूमि एवं वन सीमाओं से संबंधित मामलों के प्रभावी निपटारे, अभिलेखों के अद्यतन तथा सीमांकन कार्यों में तेजी लाने के उद्देश्य से बिलासपुर वन वृत्त में एक सेवानिवृत्त कानूनगो एवं दो पटवारियों के पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

इस सम्बन्ध में वन विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि चयनित कानूनगो एवं पटवारियों की सेवाएं मुख्य रूप से वन सीमाओं के सर्वेक्षण एवं सीमांकन, वन भूमि अभिलेखों को राजस्व रिकॉर्ड के साथ अद्यतन करने, अतिक्रमण संबंधी मामलों के निस्तारण तथा वन भूमि रिकॉर्ड से जुड़े अन्य कार्यों के लिए ली जाएंगी।

उन्होंने बताया कि आवेदक हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग में सेवानिवृत्ति से पूर्व कम से कम पांच वर्ष का सेवाकाल तथा विभागीय एवं अनुशासनात्मक मामलों से मुक्त होना अनिवार्य है। साथ ही सरकारी अस्पताल से जारी चिकित्सा फिटनेस प्रमाण पत्र भी आवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा। उन्होंने बताया कि आवेदक की आयु 20 जून, 2026 को 65 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

चयनित सेवानिवृत्त कानूनगो को प्रतिमाह 50 हजार रुपये तथा पटवारी को 40 हजार रुपये मानदेय दिया जाएगा। नियुक्ति बिलासपुर एवं कुनिहार वन मंडलों में रिक्त पदों के विरुद्ध की

## उपायुक्त किन्नौर ने ठोस कचरा प्रबंधन-पृथक्करण पर दिए निर्देश

**किन्नौर।** उपायुक्त किन्नौर श्री अमित कुमार शर्मा ने कार्यालय के परिसर सभागार में जिला स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अपने संबोधन में विभिन्न विभागों के अधिकारियों से ठोस कचरा प्रबंधन व पृथक्करण के सन्दर्भ में गहनता से विचार विमर्श किया और कचरा प्रबंधन व्यवस्था को दुरुस्त करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए ताकि किन्नौर जिला में सफाई व्यवस्था सुचारु रुप से बनी रहे।

डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया की पोवारी कूड़ा संयंत्र को बेहतर ढंग से विकसित किया जा रहा है

# परवाणू : अध्यक्ष-उपाध्यक्ष चुनाव में देरी पर भाजपा पार्षदों ने सौंपा ज्ञापन

टीम एक्शन इंडिया
विमल ग्रोवर

**परवाणू।** परवाणू नगर परिषद में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव में हो रही देरी को लेकर भाजपा समर्थित पार्षदों ने सोमवार को प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष डॉ. डैज़ी ठाकुर के नेतृत्व में उपायुक्त सोलन को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि 17 मई को चुनाव संपन्न होने के बावजूद एक माह बाद भी परिषद का पूर्ण गठन नहीं हो पाया है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

डॉ. डैज़ी ठाकुर ने कहा कि बरसात का मौसम शुरू होने वाला है उन्होंने कहा कि बरसात के दौरान शहर को जलभराव, सफाई और अन्य नागरिक सुविधाओं से



जुड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में प्रशासन को प्राथमिकता के आधार पर चुनाव प्रक्रिया पूरी करानी चाहिए ताकि परिषद प्रभावी ढंग से कार्य कर सके।और नगर परिषद का पूर्ण रूप से कार्यशील होना आवश्यक है। उन्होंने चुनाव प्रक्रिया जल्द पूरी कराने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि परवाणू एक प्रमुख औद्योगिक एवं व्यापारिक नगर है, जहां सफाई व्यवस्था, जल निकासी, सड़कों के रखरखाव, स्ट्रीट लाइट, पार्किंग तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं के सुचारू संचालन के लिए नगर परिषद का पूर्ण रूप से कार्यशील होना आवश्यक है। इन व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासनिक स्तर पर त्वरित निर्णयों की जरूरतइस पर उपायुक्त सोलन ने आश्वस्त किया कि एसडीएम कसौली के अवकाश से लौटते ही अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद के चुनाव करवाए जाएंगे।

# डॉ. पाठक ने युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवनशैली अपनाने का किया आग्रह

टीम एक्शन इंडिया
मनीष

**सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग सोलन द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान के तहत आज यहां जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी सोलन डॉ. अजय पाठक ने दी। डॉ. अजय पाठक ने कहा कि नशीले पदार्थों का सेवन व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। उन्होंने कहा



कि नशीले पदार्थ जैसे तम्बाकू, शराब, गुटका, सिगरेट, चरस, गांजा, अफीम व अन्य मादक पदार्थों के सेवन व्यक्ति को मानसिक व शारीरिक रूप से कमज़ोर बना देता है। उन्होंने कहा कि नशे के सेवन से हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, कैंसर, फेफड़ों, किडनी रोग इत्यादि समस्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि नशे से न केवल शारीरिक नुकसान होते है अपितु तनाव, चिंता, अवसाद, चिड़चिड़ापन, अनिद्रा जैसे मानसिक नुकसान भी होते है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार के नशे से विद्यार्थियों के जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरनोड़ा में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन, मदन गोपाल लगातार तीसरी बार प्रधान बने

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरनोड़ा में आज प्रधानाचार्य जगदीश सिंह की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से मदन गोपाल को लगातार तीसरी बार एसएमसी का प्रधान चुना गया, जबकि अनिल कुमार को उपप्रधान नियुक्त किया गया।

इस अवसर पर गठित कार्यकारिणी में पवन कुमार, शांति देवी, ऊषा, दीप कौर, सुमन देवी, दुर्गा देवी, मेघ कुमारी, हेमलता, दीप, उषा ठाकुर, सुमना देवी, पुष्पा, काली दास, पवन कुमार तथा



ममता ठाकुर को सदस्य के रूप में शामिल किया गया। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, अनुशासन, स्वच्छता तथा विद्यालय में अभिभावकों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रधानाचार्य जगदीश सिंह ने नवगठित एसएमसी को बधाई देते हुए विद्यालय के समग्र विकास में सहयोग की अपेक्षा व्यक्त की।

# सिरमौर के जंगलों से मिली 02 लाशें, पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेजा

टीम एक्शन इंडिया
एसपी जैरथ

**नाहन।** जिला सिरमौर के सीमावर्ती क्षेत्र कालाअम्ब व पांवटा के जंगलों में बीते रविवार को एक युवक व एक बुजुर्ग की लाशें मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने दोनों मामले संज्ञान में आने के बाद लाशों को कब्जे में लेकर मेडिकल कालेज नाहन भेजा है। आज सोमवार को पोस्टमार्टम के बाद शव उनके वारिसों के हवाले कर दिए जायँगे । जिले के एसपी एनएस नेगी ने बताया कि शव बरामदगी के दोनों मामलों में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस जांच में जुटी है। शव आज पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों के हवाले कर दिये जायंगे। ने हरियाणा-हिमाचल बॉर्डर पर कालाअम्ब क्षेत्र के गांव खैरी के जंगल से एक 30 वर्षीय युवक का शव शत विक्षत हालत में बरामद किया है। युवक की पहचान लखविंदर सिंह निवासी उज्जल माजरी हरियाणा के रूप में हुई है। शव की पहचान मृतक के भाई ने की है। उधर दूसरा शव पांवटा साहिब में एक 76 वर्षीय बुजुर्ग का शव बीते दिन नजदीक जंगल से मिला है। पुलिस के अनुसार एक महीने से लापता हुए इस व्यक्ति की पहचान सोनाई पुत्र भिखा राम निवासी गोरख पुर उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। जो अपने बेटे के साथ यहां रह रहा था। मृतक के बेटे ने इनके लापता होने की शिकायत पुलिस स्टेशन में दर्ज करा रखी थी।।

## चेकबुकों आदि से भरा गुम हुआ बैग लौटाने वाले को 10000 रुपए इनाम मिलेगे : मीन सिंह

एसपी जैरथ

नाहन। बैंक चेकबुकों से भरा बैग बस में गुम, लौटाने वाले को 10000 का ईनाम। पुलिस में शिकायत दर्ज। हरिपुरधार।

शिमला से हरिपुरधार आ रही बस में एक दवाई विक्रेता व्यक्ति का बैंक चेकबुकों और जरूरी दस्तावेजों से भरा बैग 19 जून को गुम हो गया है। मामले को लेकर पीड़ित द्वारा हरिपुरधार पुलिस चौकी में दर्ज शिकायत के आधार पर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता हरिपुरधार निवासी मीन सिंह ने बताया कि उनके तथा उनकी फर्म मीन मेडिकोज के नाम से विभिन्न बैंकों में संचालित खातों की चेक बुके भी बैग में गुम हो गई है। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है

# प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत चयनित 22 गांवों में जल्द शुरू होंगे विकास कार्य: डीसी

टीम एक्शन इंडिया
कश्मीर ठाकुर

**बिलासपुर**/उपायुक्त राहुल कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत जिला में चयनित 22 गांवों में शीघ्र ही विकास कार्य आरंभ किए जाएंगे। उपायुक्त आज बचत भवन बिलासपुर में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय अभिसरण समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि वर्ष 2025-26 के लिए जिले के चारों विकास खंडों की विभिन्न ग्राम पंचायतों के अंतर्गत 22 गांवों का चयन प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत किया गया है। केंद्र सरकार द्वारा उन गांवों को इस योजना में शामिल किया जाता है जहां अनुसूचित जाति की आबादी 40 प्रतिशत या उससे अधिक है। उन्होंने कहा कि चयनित पंचायतों द्वारा ग्राम विकास योजनाएं (वीडीपी) तैयार की जाएगी, जिसके लिए प्रत्येक पंचायत को 40-40 हजार रुपए की राशि जारी कर दी गई है।

राहुल कुमार ने बताया कि योजना के अंतर्गत चयनित प्रत्येक गांव को विकास कार्यों के लिए 20-20 लाख रुपए की राशि उपलब्ध करवाई जाएगी। इन निधियों का उपयोग स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप सड़क, पेयजल, विद्युत, सामाजिक सुरक्षा तथा अन्य आधारभूत सुविधाओं के विकास पर किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि ग्राम विकास योजनाओं के निर्माण और क्रियान्वयन में पंचायतों को पूरा सहयोग प्रदान किया

# मेरे शहर के 100 रतन 2.0’ के परिणाम घोषित, 5,100 से अधिक विद्यार्थियों को 100% छात्रवृत्ति

टीम एक्शन इंडिया

**एसपी जैरथनाहन।** रविवार को घोषित क्रैक एकेडमी की छात्रवृत्ति परीक्षा ‘मेरे शहर के 100 रतन 2.0’ के परिणामों के अनुसार, कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 5,100 से अधिक छात्रों को योग्यता के आधार पर 100% छात्रवृत्ति प्रदान की गई है और 34,000 छात्रों को 75% छात्रवृत्ति मिलेगी। इसके अतिरिक्त, 85,000 छात्रों को 50% छात्रवृत्ति मिलेगी। इस छात्रवृत्ति परीक्षा में राज्य के शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें उनकी आर्थिक स्थिति की परवाह किए बिना प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का अवसर उपलब्ध कराना था। छात्रवृत्तियां पूरी तरह से मेरिट के आधार पर प्रदान की गई हैं। चयनित विद्यार्थियों ने परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस पहल के जरिए क्रैक एकेडमी का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक और करियर संबंधी लक्ष्यों को हासिल करने के लिए आवश्यक शैक्षणिक सहयोग, मार्गदर्शन और प्रतियोगी माहौल मिल सके। छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत चयनित विद्यार्थियों को जेईई, नीट , यूपीएससी , एसएससी , बैंकिंग, राज्य सरकार की भर्ती परीक्षाओं और अन्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेषज्ञ कोचिंग उपलब्ध कराई जाएगी। इस कार्यक्रम को इस तरह तैयार किया गया है कि विद्यार्थी राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर सफलतापूर्वक प्रतिस्पर्धा कर सकें। यह पहल केवल शैक्षणिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए दीर्घकालिक अवसरों का निर्माण भी इसका प्रमुख उद्देश्य है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और करियर केंद्रित कोचिंग उपलब्ध कराकर क्रैक एकेडमी विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा, पेशेवर करियर और सरकारी नौकरियों के अवसरों को मजबूत बनाने का प्रयास कर रही है।

# संपादकीय

## विषाक्त ओटीटी का वैचारिक उद्योग

**भारत** में मनोरंजन के नाम पर ओटीटी मंचों पर जो सामग्री परोसी जा रही है, उसे केवल ₹रचनात्मक स्वतंत्रता₹ का परिणाम कहकर अनदेखा नहीं किया जा सकता। यह अब केवल वेब-श्रृंखलाओं, फिल्मों या नई पीढ़ी की पसंद का विषय नहीं रह गया है। अनेक मामलों में यह एक व्यापक सांस्कृतिक और वैचारिक प्रवृत्ति का हिस्सा दिखाई देता है, जिसके माध्यम से भारतीय समाज, उसकी परंपराओं, परिवार संस्था और विशेष रूप से हिंदू सांस्कृतिक प्रतीकों को एक निश्चित दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया जा रहा है। ओटीटी की दुनिया में हिंसा, अश्लीलता, गाली-गलौज, अपराध और सामाजिक विघटन को केवल दिखाया ही नहीं जाता, बल्कि कई बार उन्हें सामान्य और स्वीकार्य जीवन-शैली के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। यह तर्क दिया जाता है कि समाज में जो कुछ मौजूद है, वही दिखाया जा रहा है। किंतु प्रश्न यह है कि क्या समाज केवल अपराध, भ्रष्टाचार और विकृत संबंधों से ही बना है? क्या भारतीय जीवन में त्याग, करुणा, आस्था, परिवार, सामाजिक सहयोग, मातृत्व, शौर्य और सांस्कृतिक चेतना जैसी सकारात्मक शक्तियाँ नहीं हैं? समस्या तब उत्पन्न होती है जब किसी समाज के हजारों रंगों में से बार-बार केवल उसका सबसे अंधकारमय और विकृत पक्ष ही चुना जाए। यह यथार्थ का संतुलित चित्रण नहीं, बल्कि चयनित यथार्थ की प्रस्तुति बन जाता है। अनेक लोकप्रिय श्रृंखलाओं और फिल्मों में भारतीय समाज, विशेषकर ग्रामीण और पारंपरिक समाज को इस प्रकार दिखाया जाता है मानो वहाँ केवल जातीय घृणा, अपराध, पाखंड और दमन ही मौजूद हो। इस प्रवृत्ति का सबसे चिंताजनक पक्ष यह है कि हिंदू समाज को अक्सर स्थायी दोषी या खलनायक के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। जाति, पितृसत्ता, धार्मिक पाखंड, सामाजिक हिंसा अथवा नैतिक विघटन जैसे विषयों में नकारात्मक पात्रों का संबंध प्रायः पारंपरिक या धार्मिक पृष्ठभूमि से जोड़ा जाता है। इससे धीरे-धीरे दर्शकों के मन में यह धारणा बन सकती है कि भारतीय परंपरा स्वयं समस्याओं की जड़ है। यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि समाज की बुराइयों को दिखाना गलत नहीं है। कला और साहित्य का दायित्व ही है कि वे समाज की कमजोरियों पर प्रकाश डालें। किंतु यदि हर कथा का निष्कर्ष यही हो कि धर्म, परिवार, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत मूलतः दमनकारी हैं, तो यह आलोचना से आगे बढ़कर सभ्यतागत अभियोग का रूप ले लेता है। आत्मालोचना किसी भी समाज के विकास के लिए आवश्यक है, लेकिन आत्मालोचना और आत्मद्वेष में स्पष्ट अंतर होता है। पिछले कुछ वर्षों में जब धार्मिक प्रतीकों और आस्थाओं पर सीधे प्रहार करने वाली सामग्री का विरोध हुआ, तब अभिव्यक्ति की शैली में परिवर्तन दिखाई दिया। अब प्रत्यक्ष आक्रमण कम और अप्रत्यक्ष सांस्कृतिक विघटन अधिक दिखाई देता है। परिवार को विषैला, विवाह को बंधन, पुरुषत्व को हिंसक, परंपरा को पिछड़ा और धार्मिकता को पाखंड के रूप में प्रस्तुत करने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इसके विपरीत सामाजिक अराजकता, नैतिक सीमाओं के विघटन और व्यक्तिगत स्वच्छंदता को आधुनिकता और स्वतंत्रता का पर्याय बताया जाता है।


**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून


# जब परीक्षा केंद्र बने सुरक्षा किले: क्या यही शिक्षा का भविष्य है?

**आरके जैन**

> "इस बार परीक्षा सफल रही, विवादों से अपेक्षाकृत मुक्त रही और लाखों छात्रों के परिश्रम को न्याय मिलने की संभावना मजबूत हुई। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। फिर भी यह घटना चेतावनी देती है कि केवल सुरक्षा बढ़ाना समाधान नहीं है। मां-बाप के सपनों से जुड़ी यह व्यवस्था कब तक चलेगी? क्या हम अपने युवाओं को पंख देकर उड़ाना चाहते हैं या उन्हें बायोमेट्रिक सलाखों के बीच भविष्य तलाशने के लिए छोड़ देना चाहते हैं? निष्पक्षता आवश्यक है, पर गरिमा भी उतनी ही आवश्यक है। असली विजय तब होगी जब परीक्षा केंद्र से बाहर निकलता छात्र केवल राहत नहीं, सम्मान और आत्मविश्वास भी महसूस करें"

**21** जून 2026 को नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा समाप्त हुई। परीक्षा केंद्रों से बाहर निकलते लाखों विद्यार्थियों के चेहरों पर राहत थी, लेकिन आंखों में एक अनकहा बोझ भी झलक रहा था। देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षाओं में शामिल इस परीक्षा को अभूतपूर्व सुरक्षा घेरे में आयोजित किया गया। 22 लाख से अधिक अभ्यर्थियों, 95 हजार परीक्षा कक्षों, 1.38 लाख सीसीटीवी कैमरों, 51 हजार जैमरों, हजारों बायोमेट्रिक कर्मचारियों और कड़ी फ्रिस्किंग के बीच परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। पेपर लीक की आशंकाएं लगभग समाप्त रहीं और परिणामों पर विश्वास बहाल होने की उम्मीद जगी। इसके लिए एनटीए और केंद्र सरकार बधाई के पात्र हैं। लेकिन इस सफलता के बीच एक सवाल खड़ा है–क्या निष्पक्षता की यह कीमत हमारी युवा पीढ़ी की गरिमा और मानसिक शांति से वसूली जानी चाहिए? पिछले वर्षों में बार-बार हुए पेपर लीक कांडों ने परीक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंचाई थी। मई 2026 की घटना के बाद सरकार और एनटीए ने पूरे तंत्र को लगभग रीसेट कर दिया। प्रश्न-पत्र तैयार करने से लेकर उनके परिवहन तक अभूतपूर्व गोपनीयता बरती गई। रिपोर्ट्स के अनुसार कुछ स्थानों पर भारतीय वायुसेना की सहायता से प्रश्न-पत्र पहुंचाए गए, जीपीएस ट्रैकिंग, पुलिस एस्कॉर्ट और एआई आधारित निगरानी तंत्र सक्रिय किए गए। राष्ट्रीय, राज्य और मंत्रालय स्तर पर रियल-टाइम मॉनिटरिंग हुई। हजारों पर्यवेक्षक, साइबर निगरानी दल और खुफिया एजेंसियों का त्रिस्तरीय सुरक्षा नेटवर्क परीक्षा की हर गतिविधि पर नजर रखे रहा। यह व्यवस्था किसी शैक्षणिक आयोजन से अधिक एक राष्ट्रीय सुरक्षा अभियान जैसी प्रतीत होती थी। इन उपायों का सकारात्मक परिणाम भी सामने आया। लाखों विद्यार्थियों को भरोसा मिला कि इस बार उनकी मेहनत संगठित नकल या पेपर लीक के कारण व्यर्थ नहीं जाएगी। परीक्षा केंद्रों के बाहर खड़े



माता-पिता को भी संतोष था कि उनके बच्चों का भविष्य किसी अपराधी गिरोह या भ्रष्ट नेटवर्क के हाथों बंधक नहीं बनेगा। लंबे समय से अपेक्षित विश्वास बहाली की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम था। निष्पक्षता किसी भी प्रतियोगी परीक्षा की आत्मा है और उसे बचाने के लिए कठोर कदमों का औचित्य स्वीकार किया जा सकता है। किंतु हर सफलता कुछ ऐसे प्रश्न भी छोड़ जाती है जिन्हें केवल आंकड़ों और प्रशंसाओं से ढंका नहीं जा सकता। सबसे बड़ा प्रश्न उस अनुभव का है जिससे विद्यार्थी गुजरे। आधार आधारित फेस रिकग्निशन, फिंगरप्रिंट सत्यापन, जेबों, कानों, जूतों और यहां तक कि कपड़ों की चेन, जिप तथा धागों तक की जांच–यह सब उस युवा पीढ़ी के साथ हुआ जो डॉक्टर बनने का सपना लेकर परीक्षा केंद्र पहुंची थी। 38,795 फ्रिस्किंग कर्मी और 48,448 बायोमेट्रिक कर्मचारी व्यवस्था की आवश्यकता रहे होंगे, लेकिन विद्यार्थियों के मन में यह अनुभव भी दर्ज हुआ कि उन पर पहले संदेह किया गया, बाद में विश्वास। कई अभ्यर्थियों ने स्वयं को अपराधियों की तरह टटोला जाता महसूस किया। यह भावना किसी परीक्षा की सफलता का हिस्सा नहीं होनी चाहिए। इस पूरी प्रक्रिया का मनोवैज्ञानिक प्रभाव भी कम महत्वपूर्ण नहीं है। विशेषकर छात्राओं के लिए फ्रिस्किंग कई बार असहजता और तनाव का कारण बनी। यद्यपि महिला कर्मियों की नियुक्ति की गई थी, फिर भी मानसिक दबाव पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका। माता-पिता दूर खड़े अपने बच्चों को डिजिटल और भौतिक निगरानी के घेरे में प्रवेश करते देखते रहे। शिक्षा का मंदिर कई स्थानों पर सुरक्षा चौकी जैसा दिखाई देने लगा। यह दृश्य केवल परीक्षा व्यवस्था का नहीं, बल्कि उस सामाजिक अविश्वास का भी प्रतीक है जो धीरे-धीरे संस्थाओं और नागरिकों के बीच बढ़ता जा रहा है। जब एक छात्र परीक्षा देने से पहले स्वयं को संदिग्ध साबित होने से बचाने की प्रक्रिया से गुजरता है, तब कहीं न कहीं शिक्षा का मूल उद्देश्य भी आहत होता है। दरअसल समस्या का मूल कारण विद्यार्थी नहीं हैं। समस्या उस व्यवस्था में है जिसने वर्षों तक पेपर लीक, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक कमजोरियों को पनपने दिया। यदि परीक्षा प्रणाली पारदर्शी, जवाबदेह और तकनीकी रूप से मजबूत होती, तो शायद इतनी कठोर सुरक्षा की आवश्यकता न पड़ती। राधाकृष्णन समिति की सिफारिशें, कंप्यूटर आधारित परीक्षा प्रणाली की ओर संक्रमण, उन्नत डिजिटल सुरक्षा उपाय तथा एनटीए में संरचनात्मक सुधार लंबे समय से चर्चा में रहे हैं। इस बार की सफलता सिद्ध करती है कि इच्छाशक्ति हो तो व्यवस्था सुधर सकती है। लेकिन यदि सुधार केवल सुरक्षा तक सीमित रहेगा और मूल समस्याएं जस की तस रहेंगी, तो हर वर्ष विद्यार्थियों को इसी प्रकार की कठिन और तनावपूर्ण प्रक्रिया से गुजरना पड़ेगा। देश को अब तय करना होगा कि भविष्य की परीक्षा प्रणाली कैसी हो। क्या हम हर वर्ष युद्ध जैसी तैयारियां करेंगे, या ऐसे तकनीकी और संस्थागत सुधार विकसित करेंगे जिनसे सुरक्षा और सम्मान दोनों साथ चल सकें?

फ्रिस्किंग को अधिक संवेदनशील और कम अपमानजनक बनाया जा सकता है। बायोमेट्रिक सत्यापन में मानवीय दृष्टिकोण अपनाया जा सकता है। परीक्षा प्रक्रिया को चरणबद्ध, डिजिटल और लीक-प्रूफ बनाया जा सकता है। सुरक्षा का उद्देश्य भय नहीं, विश्वास पैदा करना होना चाहिए। यदि कोई व्यवस्था निष्पक्ष तो हो जाए, पर उसमें मानवीय गरिमा खो जाए, तो वह अधूरी सफलता ही कहलाएगी। नीट-2026 की पुनर्परीक्षा भारत की परीक्षा प्रणाली के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ है।

इस बार परीक्षा सफल रही, विवादों से अपेक्षाकृत मुक्त रही और लाखों छात्रों के परिश्रम को न्याय मिलने की संभावना मजबूत हुई। यह उपलब्धि छोटी नहीं है। फिर भी यह घटना चेतावनी देती है कि केवल सुरक्षा बढ़ाना समाधान नहीं है। मां-बाप के सपनों से जुड़ी यह व्यवस्था कब तक चलेगी? क्या हम अपने युवाओं को पंख देकर उड़ाना चाहते हैं या उन्हें बायोमेट्रिक सलाखों के बीच भविष्य तलाशने के लिए छोड़ देना चाहते हैं? निष्पक्षता आवश्यक है, पर गरिमा भी उतनी ही आवश्यक है। असली विजय तब होगी जब परीक्षा केंद्र से बाहर निकलता छात्र केवल राहत नहीं, सम्मान और आत्मविश्वास भी महसूस करे।

# आस्था की कीमत जीवन से चुका रहे हैं श्रद्धालु ?

**मनोज कुमार अग्रवाल**

**आए** दिन तीर्थ स्थलों मंदिरों स्नान और दर्शन के लिए श्रद्धालुओं को आस्था की कीमत जान देकर चुकानी पड़ रही है। हमारे मंदिरों तीर्थस्थलों पर व्यवस्थाएं इतना निम्न स्तर पर पहुंच चुकी हैं कि न भीड़ नियंत्रण के लिए प्रशासन सटीक निर्णय ले पाता है न मंदिरों की व्यवस्था की जिम्मेदार प्रबंधन कमेटी श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जागरूक हैं यही वजह है कि पुरी जगन्नाथ यात्रा से लेकर वैष्णो देवी धाम तक कुंभ स्नान से लेकर मनसा देवी पावागढ मंदिर तक हादसों में अनेक बेगुनाह श्रद्धालुओं को जीवन गंवाना पड़ता है। ताजा हादसा महाराष्ट्र के परभणी जिले की मानवत तहसील स्थित यशवाड़ी मारुति मंदिर में बीते शनिवार को हुआ दर्दनाक हादसा पूरे देश को झकझोर देने वाला है। मंदिर परिसर के सामने बना सभा मंडप अचानक भरभराकर गिर पड़ा, जिसके कारण कई श्रद्धालु मलबे में दब गए। प्रारंभिक रिपोटों में मृतकों की संख्या पांच बताई गई, जबकि बाद में विभिन्न स्थानीय स्त्रोतों और प्रशासनिक सूचनाओं में छह लोगों की मृत्यु तथा अनेक श्रद्धालुओं के घायल होने की जानकारी सामने आई। लगभग 30 से 40 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका जताई गई थी और बचाव दलों ने घंटों तक राहत एवं बचाव अभियान चलाकर लोगों को बाहर निकाला। कई घायलों का उपचार विभिन्न अस्पतालों में जारी है। इस हादसे ने केवल महाराष्ट्र ही नहीं बल्कि पूरे देश के सामने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या हमारी धार्मिक आस्था के केंद्र पर्याप्त रूप से सुरक्षित हैं। मंदिरों में होने वाली दुर्घटनाएं मुख्य रूप से भीड़ अनियंत्रित होने (भगदड़), कमजोर निर्माण (छत या पिलर गिरना), बिजली के करंट, या आग लगने के कारण होती हैं। महाराष्ट्र के परभणी के यशवाड़ी हनुमान मंदिर में दर्शन के दौरान सभा मंडप की छत अचानक भरभरा कर गिर गई। इस हादसे में 5 से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पिछले दिनों यूपी के वृन्दावन में इस्कॉन मंदिर के गेट पर नगर निगम द्वारा लगाए गए शॉवर कूलर में अचानक करंट उतर आया। इसकी चपेट में आने से एक 21 वर्षीय श्रद्धालु की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पिछले दिनों महाराष्ट्र के सिद्धिनाथ मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी अनियंत्रित होकर एक गहरे कुएं में जा गिरी, जिससे 9 लोगों की जान चली गयी। राजस्थान के खाटू श्याम मंदिर में उमड़ने वाली भारी भीड़, कुप्रबंधन, और उचित कतारें न होने के कारण अक्सर भगदड़ और विवाद जैसी स्थितियां सामने आती है। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में स्थित विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर के समीप एक हृदयविदारक हादसा सामने आया है।

# विचार

## यूपी में तन-मन भिगोने जल्द आ रहा है मानसून

**संजय सक्सेना**

**उत्तर** प्रदेश में गर्मी से परेशान लोगों के लिये जल्द अच्छी खबर आने वाली है। यूपी में मानसून 27 से 30 जून तक पूर्वी-पश्चिमी क्षेत्रों में दस्तक दे सकता है, जो 5 जुलाई तक पूरे राज्य में पूरी तरह छा सकता है। मौसम विभाग के अनुसार, जून के तीसरे सप्ताह से मानसूनी गतिविधियां तेजी से बढ़ेगी और महीने के अंत तक अधिकांश जिलों में बारिश का दौर शुरू हो सकता है। पिछले वर्षों के ट्रेंड और आईएमडी की भविष्यवाणी के आधार पर, इस बार भी मानसून 27 से 30 जून के बीच राज्य में पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन कुछ विचलन के कारण पूर्वी यूपी में पहले और पश्चिमी यूपी में थोड़े बाद में आने की संभावना है। उत्तर प्रदेश में मानसून का प्रवेश आमतौर पर दो चरणों में होता है। पूर्वी हिस्सों में मानसून 15 से 20 जून के बीच दस्तक देता है, जबकि उत्तर प्रदेश के अन्य हिस्सों में 25 से 27 जून के बीच फैल जाता है। मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद जैसे पश्चिमी क्षेत्रों में मानसून 27-30 जून तक आने की संभावना है। इस तरह पूर्वी यूपी में मानसून पहले प्रवेश करेगा और धीरे-धीरे पूरे प्रदेश में छाएगा। 5 जुलाई तक पूरे उत्तर प्रदेश में मानसून पूरी तरह छा जाएगा। वर्तमान में (22 जून 2026) देश के ज्यादातर हिस्सों में प्री-मानसून एक्टिविटी है और 23 जून के आसपास मानसून महाराष्ट्र, तेलंगाना, उड़ीसा, झारखंड, बिहार और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अधिकतम वर्षा दक्षिण-पश्चिम मानसून से प्राप्त होती है, जो जून से सितंबर तक केन्द्रित होती है। राज्य की कुल वर्षा में पहाड़ी क्षेत्रों में वार्षिक औसत 170 सेमी तक हो सकता है, जबकि पश्चिमी क्षेत्रों में 84 सेमी तक रहता है। इस बार भी उम्मीद है कि मानसून जमकर बरसेगा, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन तेज बारिश से थोड़ा-बहुत भी हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश में वर्षा की मात्रा में परिवर्तनशीलता 25 फीसदी से कम, जबकि शेष उत्तर प्रदेश में 25 से 50 फीसदी के बीच रहती है।

मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में वर्षा कहीं कम तो कहीं ज्यादा देखने को मिलती है। राज्य के पूर्वी भाग में पश्चिमी भाग की अपेक्षा अधिक वर्षा होती है। सबसे कम वर्षा बुन्देलखण्ड क्षेत्र में प्राप्त होती है। यह एक महत्वपूर्ण पैटर्न है, क्योंकि बुंदेलखंड पिछले वर्षों से वर्षा की कमी से परेशान है और इस क्षेत्र में कृषि पर सीधा प्रभाव होता है। पूर्वी यूपी में वर्षा अधिक होने के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन पश्चिमी यूपी में भी पर्याप्त वर्षा की उम्मीद है। मध्य यूपी में वर्षा पूर्वी और पश्चिमी क्षेत्रों के बीच के स्तर पर रहने की संभावना है।

बुंदेलखंड क्षेत्र में सबसे कम वर्षा प्राप्त होती है, जो इस क्षेत्र की जल संकट समस्या को बढ़ाती है। यह पैटर्न वर्षों से बना है और दक्षिण-पश्चिम मानसून के मार्ग में इस क्षेत्र की स्थिति के कारण है।

बुंदेलखंड में वर्षा की कमी के कारण खेती पर गंभीर प्रभाव होता है और किसानों को संकट का सामना करना पड़ता है। इस क्षेत्र में जल संरक्षण, बांध निर्माण और सतत कृषि सुधार की भी आवश्यकता बढ़ जाती है।

यदि इस बार भी बुंदेलखंड में वर्षा कम होती है, तो सरकार को जल संकट के समाधान के लिए तत्परता दिखानी चाहिए। कुल मिलाकर, उत्तर प्रदेश में वर्षा कृषि पर सीधा प्रभाव डालती है, क्योंकि राज्य भारत का कृषि हृदय है। पूर्वी यूपी में अधिक वर्षा के कारण खेती बेहतर होगी, लेकिन बुंदेलखंड में वर्षा की कमी खेती को प्रभावित कर सकती है। बारिश से भीषण गर्मी से राहत मिलने जा रही है, लेकिन मौसम के तेवरों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। बारिश सावधानी भी मांगती है, क्योंकि तेज बारिश से बाढ़, भूस्खलन, जलभराव जैसे हालात हो सकते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा कृषि उत्पादन पर सीधा प्रभाव डालती है और शहरी क्षेत्रों में जल निकासी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।


**एक्शन इंडिया दैनिक**

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HPHIN / 2012 / 48072

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा एक्शन इंडिया कार्यालय, कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश–174303 से प्रकाशित एवं अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर–29डी, चंडीगढ़ से मुद्रित।

संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी

समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)

स्थानीय संपादक : पंकज शर्मा ( 9418026789)

ई–मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

एक्शन इंडिया शिमला कार्यालय: किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला– 171001

एक्शन इंडिया ऊना कार्यालय: कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश–174303



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


# आलेख

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अखंड भारत के स्वप्नदृष्टा

**सुरेश सिंह बैस शाश्वत**

**डा.** श्यामा प्रसाद मुखर्जी, देश के उन महानतम राजनीतिज्ञों में से एक थे ,जिन्होने राष्ट्र के बहुत ही कठिन दौर में हमारे देश के लिये बहुत ही महत्पवूर्ण योगदान किया। डा. मुखर्जी के जीवन में महत्त्वपूर्ण मोड़ 8 अप्रैल 1950 को उस समय आया जब उन्होंने पाकिस्तान के प्रति नीति के मामले मे मंत्रीगरिषद से त्यागपत्र दे दिया। वह स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे मंत्री थे, जिन्होंने नीति के सवाल पर पद से त्याग पत्र दे दिया। इस प्रकार उन्होने संसदीय लोकतंत्र की सर्वोत्तम परम्पराओं के अनुसार कार्य और दूसरों के सामने एक अनुसरणीय उदाहरण पेश किया। इसके बाद उन्होने सत्तारुढ कांग्रेस पार्टी के विकल्प के रुप में 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जनसंघ नामक नयी राजनैतिक पार्टी का गठन किया। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का सार्वजनिक जीवन सन्‌ 1934 में कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में आरंभ हुआ था। वे विश्वविद्यालय के सबसे कम आयु के कुलपति थे। उस समय पूरा बंगाल, उड़ीसा और आसपास का पूरा क्षेत्र उस समय विश्वविद्यालय के अंतर्गत आता था। सन्‌ 1942 में लार्ड लिनलिथगो ने भारत छोड़ो आंदोलन को देखते हुये आतंक फैला रखा था। कांग्रेस के सभी प्रमुख नेता चूंकि जेलों में बंद कर दिये गये था। अतः उन कठिन दिनों में राष्ट्रवादी भारत का प्रवक्ता होने का भार डा. मुखर्जी को संभालना पड़ा। 1943 के प्राकृतिक आपदा के दौरान बंगाल की दुःखी मानवता के प्रति सेवाओं के कारण उनको राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त हुई, और इसके बाद उन्हे हिन्दू महासभा का नेतत्व सौपा गया। अंग्रेजी सरकार ने देश के प्रमुख पार्टियों के समक्ष 'भारत की आजादी और विभाजन की शर्त रखी थी, जिसमें कोई भी पार्टी किसी भूभाग के लिये जोर-जबरदस्ती नहीं कर सकती थी, जो भारत के साथ नहीं मिलना चाहता। विभाजन की मूल योजना के अनुसार संपूर्ण पंजाब और बंगाल पाकिस्तान को दिये जाने थे। डा. मुखर्जी ने तब बंगाल और पंजाब के हिन्दू बहुल क्षेत्रों को बचाने में अपनी संपूर्ण शक्ति झोंक दी। 1946 में ये भारत की संविधान सभा के लिये चुने गये थे। और 15 अगस्त 1947 को गठित हुई प्रथम सरकार में उनको उद्योग तथा वाणिज्य मंत्री बनाया गया।

## भारत के पुनर्जागरण से विकास की नई पटकथा।

**संजीव**

**किसी** भी राष्ट्र का पुनर्जागरण केवल आर्थिक समृद्धि से नहीं होता, बल्कि उसकी सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय आत्मविश्वास, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सुशासन और जनसहभागिता के समन्वय से होता है। भारत की विकास-यात्रा इसी सत्य की पुष्टि करती है। 1947 में भारत और पाकिस्तान दोनों ने स्वतंत्रता प्राप्त की, किंतु दोनों देशों ने अपने-अपने विकास के लिए भिन्न मार्ग चुने। पाकिस्तान जहाँ राजनीतिक अस्थिरता, आर्थिक संकट और वैचारिक द्वंद्व से जूझता रहा, वहीं भारत ने लोकतांत्रिक संस्थाओं, संवैधानिक मूल्यों और विकासोन्मुख नीतियों के आधार पर अपनी यात्रा निरंतर आगे बढ़ाई।महात्मा गांधी का यह कथन आज भी उतना ही प्रासंगिक है।कि भारत की आत्मा उसके गाँवों में बसती है। इसी भावना के अनुरूप आधुनिक भारत ने विकास की ऐसी अवधारणा को अपनाने का प्रयास किया जिसमें गाँव, गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग सभी विकास प्रक्रिया के सहभागी बन सकें।

पिछले एक दशक में भारत के राजनीतिक परिदृश्य में उत्तरदायी शासन, पारदर्शिता, डिजिटल प्रशासन और परिणाम आधारित राजनीति की अवधारणा अधिक सशक्त होकर उभरी है। जनता अब केवल वादों का नहीं, बल्कि कार्यों और उपलब्धियों का मूल्यांकन करने लगी है। यही स्वस्थ लोकतंत्र का आधार है।

इसी कालखंड में अनेक महत्वपूर्ण संवैधानिक एवं नीतिगत निर्णय लिए गए। अनुच्छेद 370 का निरसन, तीन तलाक पर कानून, नागरिकता से संबंधित नई नीतियों पर विमर्श तथा संसद की कार्यप्रणाली के आधुनिकीकरण जैसे कदमों ने भारतीय राजनीति में व्यापक चर्चा को जन्म दिया। इन निर्णयों के समर्थक इन्हें राष्ट्रीय एकीकरण और प्रशासनिक सुधार की दिशा में महत्वपूर्ण मानते हैं, जबकि आलोचक इनके विभिन्न संवैधानिक और सामाजिक पहलुओं पर प्रश्न उठाते रहे हैं। लोकतंत्र की यही विशेषता है कि उसमें विविध मतों का सम्मान बना रहता है।

# मुख्यमंत्री योगी ने फिरोजाबाद को दी 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं की दी सौगात

**विकास पर बल**

**2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वन जिला वन माफिया हुआ करते थे: मुख्यमंत्री योगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में वन जिला वन माफिया हुआ करते थे लेकिन अब डबल इंजन की सरकार में उत्तर प्रदेश की पहचान वन डिस्ट्रिक वन प्रोडक्ट के रूप में जानी जाती है। उन्होंने फिरोजाबाद की जनता से इसी तरह भाजपा को समर्थन करने का भी आवाहन किया। उन्होंने डबल इंजन की सरकार को विकास का पर्याय बताते हुए टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास करने के साथ ही अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को फिरोजाबाद में टूंडला विधानसभा के गांव उसायनी में प्रधानमंत्री आवास योजना के नवनिर्मित 568 भवनों



के लाभार्थियों को आवासों की चाबी प्रदान की। इसके साथ ही उन्होंने टूंडला एवं शिकोहाबाद विधानसभा की 658 करोड़ की 81 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास भी किया तथा अन्य योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिरोजाबाद के उद्यमियों एवं श्रमिकों की सराहना करते हुए कहा कि आज विश्व पटेल पर फिरोजाबाद को लोकल से ग्लोबल बनाने में इनकी अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन से ही फिरोजाबाद को 568 करोड़ कि परियोजनाओं का लाभ मिल रहा है लेकिन इसका श्रेय फिरोजाबाद की जनता को जाता है, क्योंकि जब आप अपना वोट सही जगह करते है एवं ईवीएम का सही बटन दबाते हैं तो फिरोजाबाद की यात्रा लोकल से ग्लोबल बनती है। उन्होंने कहा कि आज फिरोजाबाद के कांच उद्योग ने चीन को पछाड़ दिया है पहले दीपावली, होली, रक्षाबंधन किसी की पर्व पर या किसी अतिथि को चीन से बने उत्पादन उपहार में दिए जाते थे क्योंकि यही उत्पाद मार्केट में मिलते थे लेकिन फिरोजाबाद के कांच कारीगरों ने यह नई तकनीक तैयार की। कांच के प्रोडक्ट मार्केट के अंदर पहुंचाये। अब हर पर्व पर या किसी अतिथि के आने पर कांच की सुन्दर प्रतिमा जब उपहार में दी जाती है तो अतिथि भी खुश हो जाता है। उन्होंने कहा कि राम दरबार, गणेश, भगवान शिवा, बुद्ध आदि की सुन्दर सुन्दर प्रतिमाएं कांच से बनती है यह श्रमिकों की कला है और यह कला पहले भी थी लेकिन 2017 से पूर्व श्रमिकों की इस कला को प्रोत्साहन नहीं मिला। कारखाने को गैस की आपूर्ति नहीं मिली। इसी कारण फिरोजाबाद 2017 से पहले लोकल से ग्लोबल नहीं बन सका। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा के एजेंडे में विकास नहीं है। सपा का काम समाज को बांटना, समाज की एकता को खत्म करना, गुंडागर्दी को प्रोत्साहन करना, विकास योजना में रोड़ा अटकना, किसी पर्व से पहले उस पर्व के उत्सव को उपद्रव में बदलना यही सपा का काम है। 2017 से पहले बन डिस्ट्रिक वन माफिया हुआ करते थे। हर जिले में एक चिन्हित माफिया होता था।

# पंजाब में उद्योगपतियों की समस्या का समाधान कर देंगे बेहतर औद्योगिक माहौल : नितिन

**अहम बैठक**

**भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लुधियाना में किया उद्योगपतियों से मंथन, पूछी समस्याएं**




**टीम एक्शन इंडिया**

**लुधियाना।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने लुधियाना में उद्योग जगत से जुड़े प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों के साथ अहम बैठक की। बैठक में पंजाब में उद्योगों को बढ़ावा देने, नए निवेश लाने, रोजगार सृजन और उद्योगपतियों के सामने आ रही समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस मौके पर पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ भी विशेष रूप से मौजूद रहे। बैठक में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ-साथ लुधियाना के कई प्रमुख उद्योगपतियों और कारोबारियों ने हिस्सा लिया। बैठक के दौरान उद्योगपतियों ने पंजाब में उद्योगों के सामने आ रही चुनौतियों को भाजपा नेतृत्व के सामने रखा। उन्होंने बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, सुरक्षित औद्योगिक माहौल, आसान व्यापारिक नीतियों, बिजली, टैक्स व्यवस्था, कुशल श्रमिकों और निवेश के लिए अनुकूल वातावरण की मांग की। नितिन नवीन ने कहा कि पंजाब में उद्योगों को बेहतर और सुरक्षित माहौल देने के लिए भाजपा विशेष योजना लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि पंजाब कभी उद्योगों के लिए देश के सबसे मजबूत राज्यों में गिना जाता था, लेकिन आज उद्योगपति कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। भाजपा इन समस्याओं को गंभीरता से सुनेगी और उनके समाधान के लिए ठोस नीति तैयार करेगी। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि भाजपा की सरकार बनने पर पंजाब में इंडस्ट्री को नई रफ्तार मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। उन्होंने कहा कि उद्योगों को मजबूत किए बिना पंजाब की आर्थिक तरक्की संभव नहीं है, इसलिए उद्योग, व्यापार, निवेश और रोजगार भाजपा की प्राथमिकताओं में शामिल रहेंगे। पंजाब भाजपा अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लों ने कहा कि भाजपा पंजाब में महाराजा रणजीत सिंह के राज जैसा सुशासन, भाईचारा, अमन-शांति और खुशहाली वापस लेकर आएगी।

# संत सम्मेलन में शामिल हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, कुंभ को दिव्य और भव्य बनाने का संकल्प

**टीम एक्शन इंडिया**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को हरिद्वार पहुंचे, जहां उन्होंने हरिसेवा आश्रम में आयोजित स्थापना दिवस समारोह एवं संत सम्मेलन में भाग लिया। कार्यक्रम में देशभर से आए संत-महात्माओं के साथ कई गणमान्य अतिथि भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने संतों का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए कहा कि उत्तराखंड की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान को आगे बढ़ाने में संत समाज की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार संतों के मार्गदर्शन और सहयोग से कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और ऐतिहासिक बनाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में आयोजित होने वाला कुंभ मेला करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र होगा। इसके लिए सड़क, पेयजल, यातायात, सुरक्षा और अन्य बुनियादी सुविधाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध तरीके से




विकसित की जा रही हैं। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने हाल ही में सामने आए गुरुद्वारा विवाद पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की धरती पर सिख गुरुओं का विशेष योगदान रहा है और राज्य सरकार सभी धर्मों एवं संप्रदायों का सम्मान करने की भावना के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी धार्मिक भावना को आहत नहीं होने दिया जाएगा तथा सामाजिक सौहार्द और भाईचारे को मजबूत बनाए रखा जाएगा। संत सम्मेलन में योग गुरु बाबा रामदेव ने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपरा पूरे विश्व को दिशा देने का कार्य कर रही है। उन्होंने युवाओं से भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिक मूल्यों को अपनाने का आह्वान किया। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष व श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के श्रीमहंत रविंद्र पुरी ने कहा कि संत समाज को विश्वास है कि राज्य सरकार कुंभ-2027 को सफल बनाने के लिए पूरी गंभीरता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संत समाज सरकार के साथ समन्वय बनाकर श्रद्धालुओं की सुविधाओं के लिए सहयोग करेगा। इस दौरान मध्य प्रदेश के सरकार के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कई संत-महात्मा व सैंकड़ों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# भारत-नेपाल सीमा पर एसएसबी ने 147 बोतल नेपाली शराब की जब्त



**कार्रवाई**

**जवान सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। गतिविधि दिखाई देने पर जवानों ने कार्रवाई की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**अररिया।** भारत-नेपाल सीमा पर तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की 52वीं वाहिनी ने 147 बोतल नेपाली शराब जब्त की है। यह कार्रवाई बीती देर रात सिकटी क्षेत्र में भारत-नेपाल सीमा के समीप गश्त के दौरान की गई। एसएसबी से प्राप्त जानकारी के अनुसार, आमबारी कंपनी के जवान सीमा क्षेत्र में नियमित गश्त कर रहे थे। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधि दिखाई देने पर जवानों ने कार्रवाई की। एसएसबी को देखते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर नेपाल की ओर भाग निकला। हालांकि जवानों ने मौके से बड़ी मात्रा में शराब बरामद कर ली। जब्त शराब नेपाल निर्मित है। बरामद 147 बोतलों में प्रत्येक बोतल 300 मिलीलीटर की है। कुल मिलाकर लगभग 44 लीटर नेपाली शराब जब्त की गई है। एसएसबी अधिकारियों ने बताया कि बरामद शराब को जब्ती सूची तैयार कर अग्रिम कार्रवाई के लिए मद्य निषेध विभाग, अररिया के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में तस्कर की पहचान करने और उसके नेटवर्क का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। अररिया की ओर से जारी जानकारी में यह भी बताया गया कि सीमा क्षेत्र में तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार गश्त और निगरानी अभियान चलाया जा रहा है।

# प्रधानमंत्री के प्रयासों से पश्चिम बंगाल में परिवर्तन आया है: शुभेंदु

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर राज्य के विकास, पश्चिम बंगाल दिवस के आयोजन, नागरिकता संशोधन कानून के क्रियान्वयन और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को उचित सम्मान देने के लिए आभार व्यक्त किया है।
मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को राज्य के लोगों की ओर से धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में राज्य के लिए एक नए दौर की शुरूआत हुई है। मुख्यमंत्री ने पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से पश्चिम बंगाल में परिवर्तन आया है और लंबे समय से चले आ रहे भ्रष्टाचार, अव्यवस्था तथा कुशासन के दौर से राज्य बाहर निकल रहा है। पश्चिम बंगाल के लोग अब विकास, शांति, समृद्धि और आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़ने का सपना देख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री के प्रति पश्चिम बंगालवासियों की ओर से कृतज्ञता जताई। मुख्यमंत्री ने 20 जून को पश्चिम बंगाल दिवस के रूप में मनाए जाने का विशेष उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि यह दिन पश्चिम बंगाल के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है, क्योंकि इसी दिन डॉ. श्यामा प्रसाद



मुखोपाध्याय ने पश्चिम बंगाल को भारत का अभिन्न हिस्सा बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने विभाजन के समय बंगाली हिंदुओं और पश्चिम बंगाल के अस्तित्व की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष किया था। मुख्यमंत्री ने लिखा कि डॉ. मुखर्जी का नारा था एक विधान, एक निशान, एक प्रधान। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के भारत के साथ पूर्ण एकीकरण के लिए संघर्ष किया और अलग संविधान, अलग ध्वज तथा अलग प्रधानमंत्री की व्यवस्था का विरोध किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने 2019 में अनुच्छेद 370 हटाकर डॉ. मुखर्जी के सपने को साकार किया। मुख्यमंत्री ने पत्र में नागरिकता संशोधन कानून के लागू होने को भी ऐतिहासिक कदम बताया।


# राष्ट्र की एकता और अखंडता के प्रखर प्रहरी थे डॉ. श्यामा प्रसाद

**शिक्षाविद**

**डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद, चिंतक, सांसद और दूरदर्शी राजनेता थे: मुख्यमंत्री डॉ. यादव**

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जीवन राष्ट्रीय एकीकरण के लिए समर्पित रहा। उन्होंने राष्ट्र की एकता और अखंडता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनका जन्म 6 जुलाई 1901 को निधन 23 जून 1953 को हुआ, जिसे राष्ट्रहित में दिए गए उनके सर्वोच्च बलिदान के रूप में देखा जाता है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में विशेष व्यवस्था के विरोध में आंदोलन किया था, उनका बलिदान राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक माना जाता है। डॉ. मुखर्जी शिक्षाविद, चिंतक, सांसद और



दूरदर्शी राजनेता थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को नगरीय निकायों के महापौर तथा नगरपालिका अध्यक्ष को मुख्यमंत्री निवास से वी.सी. के माध्यम से संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने वर्ष 1951 में भारतीय जनसंघ की स्थापना की। उन्होंने वैचारिक राजनीति और संगठन निर्माण पर बल दिया और राष्ट्रहित को दलगत राजनीति से ऊपर रखने का संदेश दिया। डॉ. मुखर्जी की पुण्यतिथि 23 जून से उनकी जयंती 6 जुलाई तक विशेष पखवाड़ा आयोजित किया जाए। जनसेवा का अभियान हो पखवाड़ा मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का मानना था कि युवा राष्ट्र निर्माण की सबसे बड़ी शक्ति हैं।
उन्होंने युवाओं को नेतृत्व, शिक्षा और सामाजिक उत्तरदायित्व के लिए प्रेरित किया।

# राष्ट्रीय राजमार्गों पर वाहन मरम्मत, पंचर सेवा केंद्र बनाने का निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए वाहन मरम्मत और पंचर सेवा केंद्र विकसित करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एव राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एनएचएआई का सार्वजनिक सेवा उपक्रम राष्ट्रीय राजमार्ग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट लिमिटेड (एनएचएलएमएल) ने अपने क्षेत्रीय दफ्तरों और लीजधारकों को प्राथमिकता के आधार पर वाहन मरम्मत की दुकानें और पंचर रिपेयर की सुविधाएं शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम का मकसद यात्रा को आसान बनाना, खराबी के समय को कम करना, सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और यात्रियों व मालवाहक चालकों को तुरंत मदद उपलब्ध कराना है। एनएचएआई ने बताया कि कई राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर ऐसी सेवाओं की जरूरत है। इनसे यात्रियों को समय पर मैकेनिकल मदद मिलेगी और खराबी या इमरजेंसी में असुविधा, देरी और सुरक्षा से जुड़ी दिक्कतों से बचा जा सकेगा।

# पिंकसिटी प्रेस क्लब में बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुतियां

**अभिरूचि**

**पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से आयोजित बाल अभिरूचि शिविर का समापन हुआ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब, जयपुर की ओर से आयोजित बाल अभिरूचि शिविर का सोमवार को समापन हुआ। इस समापन समारोह में उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़, विधायक गोपाल शर्मा और




भाजपा नेता रवि नैयर शामिल हुए। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव राजकुमार शर्मा, शिविर संयोजक अनिता शर्मा, कोषाध्यक्ष नमोनारायण अवस्थी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, पुष्पेन्द्र सिंह राजावत एवं प्रबन्ध कार्यकारिणी ने अतिथियों का माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। शिविर के दौरान बच्चों ने सीखी हुई कला का मंच पर प्रदर्शन किया। बच्चों ने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की। इसके बाद एक से बढ़कर एक राजस्थानी लोक नृत्यों की रोचक प्रस्तुति से सभी को सराबोर कर दिया। कालबेलिया नृत्य, मार्शल आर्ट, वेस्टर्न डांस, राजस्थान का प्रसिद्ध चिरमी नृत्य एवं पंजाबी डांस के साथ अभिनय से सभी को बांधे रखा। बच्चों की शानदार प्रस्तुतियों पर अभिभावकों ने प्रबन्ध कार्यकारिणी का आभार उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए क्लब प्रबन्ध कार्यकारिणी को आयोजन की शुभकामनाएं दी। उन्होने प्रेस क्लब भवन के जीर्णोद्वार की मांग को पूरा करने का आश्वासन देते हुए कार्य शीघ्र करने की सहमति प्रदान की। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रेस क्लब में होने वाले आयोजनो की सराहना की। उन्होने कहा की पूर्व में भी प्रेस क्लब में जामुन के पेड़ नाटक का बहुचर्चित मंचन हुआ था, उन्होने कहा कि

# सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्रः मुख्यमंत्री

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज सोमवार को राजधानी रायपुर के रेलवे स्टेशन से सोमनाथ गुजरात के लिए विशेष ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि सोमनाथ मंदिर हमारे राष्ट्रीय स्वाभिमान, सांस्कृतिक गौरव और आस्था का प्रमुख केन्द्र है।
सोमनाथ मंदिर को अनेक बार आक्रांताओं ने तोड़ा, लेकिन हर बार मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, ये देशवासियों की अटूट आस्था का परिणाम है। सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा के तहत विशेष ट्रेन से छत्तीसगढ़ से सोमनाथ के लिए 1000 से अधिक विशिष्टजन, पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं



साहित्यकार रवाना हुए। यात्रा में शामिल श्रद्धालु छत्तीसगढ़ के शिवालयों की पावन भूमि के माटी कलश और पावन नदियों का जल कलश बाबा सोमनाथ को अर्पण करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने भगवान सोमनाथ से छत्तीसगढ़ की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की प्रार्थना की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ के लिए बहुत गौरवशाली दिन है जब प्रदेश भर से 1000 से अधिक श्रद्धालु भगवान सोमनाथ के दर्शन के लिए रवाना हो रहे हैं। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में 11 जनवरी 2026 से 11 जनवरी 2027 तक सोमनाथ स्वाभिमान पर्व राष्ट्रीय स्मरणोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। इस पर्व के अंतर्गत सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल का श्रद्धापूर्वक स्मरण करते हैं, उन्होंने भारत की आजादी के बाद राष्ट्रीय एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के प्रतीक के रूप में सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का संकल्प लिया था। 75 वर्ष पूर्व देश के प्रथम राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद जी ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर का लोकार्पण किया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे लिए गौरव की बात है कि छत्तीसगढ़ से पद्मश्री, राज्य एवं राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित कलाकार एवं साहित्यकार इस यात्रा में अपने साथ अपने-अपने क्षेत्रों के धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक महत्व के शिवालयों की पावन माटी और पावन नदियों के जल कलश लेकर रवाना हो रहे हैं। यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक एकता का जीवंत उदाहरण है। इस अवसर पर संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि सोमनाथ धाम की यह यात्रा श्रद्धालुओं को केवल आध्यात्मिक अनुभूति ही नहीं बल्कि भारत की महान सांस्कृतिक परम्परा और राष्ट्रीय गौरव को निकट से अनुभव करने का अवसर भी प्रदान करेगी।

# अंबुबासी महोत्सव की प्रवृत्ति पर मुख्यमंत्री सरमा ने मां कामाख्या को किया नमन

**टीम एक्शन इंडिया**

**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने 22 से 26 जून तक कामाख्या धाम में आयोजित ऐतिहासिक अंबुबासी महोत्सव के पावन अवसर पर आज मां कामाख्या की आराधना करते हुए इस महोत्सव में हिस्सा लेने वाले श्रद्धालुओं का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर अपने आधिकारिक पेज पर एक पोस्ट शेयर करते हुए कहा है कि गुवाहाटी के नीलाचल पहाड़ पर विराजमान मां कामाख्या के पावन अंबुबासी महायोग की प्रवृत्ति के पवित्र अवसर पर जगज्जननी के चरणों में कोटि-कोटि नमन। मुख्यमंत्री ने कहा है कि इस महापर्व के अवसर पर असम पधारे



विश्वभर के श्रद्धालुओं का हार्दिक स्वागत करता हूं। उन्होंने कहा है कि मां कामाख्या की कृपादृष्टि से सभी का जीवन सुख, शांति, समृद्धि और आध्यात्मिक शक्ति से परिपूर्ण हो, यही प्रार्थना है।

facebook.com/actionindialive twitter.com/actionindianews youtube.com/actionindiatv

हिमाचल न्यूज

एक्शन इंडिया

www.actionindialive.com

ऊना,
23 जून 2026

# कांग्रेस सरकार के प्रयासों से 137 करोड़ रुपये से सुदृढ़ होगी चैल-चौक-जंजैहली सड़क : सीएम

**सहायता**

» प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार ने अधिकतम सहायता करवाई उपलब्ध



**पंकज शर्मा**

**शिमला।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू से आज उनके सरकारी आवास 'ओक ओवर' में मंडी जिला के सराज विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों ने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जगदीश रेड्डी के नेतृत्व में शिष्टाचार भेंट की तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को सराज विधानसभा क्षेत्र के दौरे के लिए आमंत्रित भी किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों के संतुलित एवं समान विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने सराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न सड़कों के रख-रखाव एवं सुदृढ़ीकरण के लिए धनराशि स्वीकृत करने की घोषणा की। इनमें नौणा-छलैला-विनीधार सड़क के लिए 10 लाख रुपये, बालीचौकी-खलोआ-शारश सड़क के लिए 20 लाख रुपये, नौणा-भराड़ी सड़क के लिए 10 लाख रुपये, खनेठी-खूहन सड़क के लिए 10 लाख रुपये तथा हणोगी-शलोई-छमार सड़क के लिए 10 लाख रुपये प्रदान किए जाएंगे।

सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार के सतत प्रयासों से चैल-चौक-जंजैहली सड़क को चौड़ा करने के लिए 137.40 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता स्वीकृत हुई है।



### हिमाचल प्रदेश सरकार ने आपदा राहत राशि में की ऐतिहासिक वृद्धि

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि देश में पहली बार हिमाचल प्रदेश सरकार ने अपने संसाधनों से आपदा प्रभावितों को दी जाने वाली राहत राशि में ऐतिहासिक वृद्धि की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने विशेष राहत पैकेज के माध्यम से आपदा प्रभावित परिवारों को अभूतपूर्व सहायता प्रदान करने का निर्णय लिया है। इसके तहत पूर्णतः क्षतिग्रस्त मकानों के लिए राहत राशि को 1.30 लाख रुपये से बढ़ाकर 7 लाख रुपये कर दिया गया है। अन्य आर्थिक सहायता को मिलाकर प्रभावित परिवारों को कुल 8 लाख रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है।

आपदा के दौरान हुए व्यापक नुकसान तथा मंडी जिला में संपर्क व्यवस्था को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से कांग्रेस सरकार ने 83 किलोमीटर लंबी इस सड़क परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के तहत भेजा। इस परियोजना के पूर्ण होने से क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

उन्होंने कहा कि आपदा के दौरान सराज विधानसभा क्षेत्र में काफी नुकसान हुआ और उन्होंने स्वयं इस विधानसभा क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। प्रभावित परिवारों को राज्य सरकार द्वारा अधिकतम सहायता उपलब्ध करवाई गई।

# मुख्यमंत्री के दरबार पहुंचे बस स्टैंड के दुकानदार, बोले विकास चाहिए, लेकिन उजड़ना नहीं

**गुहार**

» आजीविका बचाने के लिए मुख्यमंत्री से मिलकर राहत की लगाई गुहार



**पवन धीमान**

**हमीरपुर।** नए बस स्टैंड के निर्माण और पुराने बस स्टैंड परिसर को सिटी सेंटर में बदलने की महत्वाकांक्षी योजना के बीच वर्षों से कारोबार कर रहे छोटे दुकानदारों के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा हो गया है। प्रशासन द्वारा जारी नोटिसों के बाद प्रभावित दुकानदारों ने अपनी आजीविका बचाने की लड़ाई तेज कर दी है और इस संबंध में मुख्यमंत्री से मिलकर राहत की गुहार लगाई है।

करीब तीन दशक से बस स्टैंड के बाहर छोटी-छोटी दुकानों के माध्यम से अपने परिवारों का पालन-पोषण कर रहे दुकानदारों का कहना है कि उनकी पूरी जिंदगी इसी कारोबार पर निर्भर है। कई परिवारों की आय का एकमात्र स्रोत यही दुकानें हैं, जिन्हें अब हटाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान दुकानदारों ने बताया कि वे विकास कार्यों के विरोधी नहीं हैं, लेकिन बिना किसी वैकल्पिक व्यवस्था के उन्हें हटाना उनके परिवारों को आर्थिक संकट में धकेल देगा। उनका कहना है कि नए बस अड्डे और सिटी सेंटर परियोजना में उन्हें भी समायोजित किया जाए अथवा पुनर्वास के लिए उचित स्थान उपलब्ध कराया जाए। दुकानदारों ने सरकार से मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की अपील करते हुए कहा कि विकास के नाम पर उन परिवारों की अनदेखी नहीं होनी चाहिए, जिन्होंने वर्षों तक बस स्टैंड क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों का हिस्सा बनकर अपनी आजीविका चलाई है।

## तकनीकी शिक्षा बोर्ड ने इस वित्त वर्ष के लिए 14 करोड़ रुपये का बजट पारित किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. अभिषेक जैन की अध्यक्षता में आज यहां हिमाचल प्रदेश तकनीकी शिक्षा बोर्ड की 61वीं बैठक आयोजित की गई। बैठक में बोर्ड का वर्ष 2026-27 के लिए लगभग 14 करोड़ रुपये का बजट पारित किया गया तथा विभिन्न विषयों पर गहन विचार विमर्श किया गया। बैठक में वर्ष 2025-26 के दौरान बोर्ड द्वारा किए गए कार्यों की समीक्षा भी की गई। डॉ. अभिषेक जैन ने बोर्ड द्वारा संचालित की जाने वाली परीक्षाओं में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने बोर्ड को देश के विभिन्न प्रदेशों के शैक्षणिक बोर्डों की कार्य प्रणाली देखने, समझने एवं उनकी बेहतर तकनीकों को अपनाने के दिशा निर्देश जारी किए जिससे बोर्ड द्वारा संचालित परीक्षाओं में उच्च गुणवत्ता बनी रहे।

# ट्रांसफर आर्डर हुए मगर नहीं पहुंचे चिकित्सक

**हामिद खान**

**चंबा।** पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा में डॉक्टरों की भारी कमी और अधर में लटकी स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर आम जनता में भारी संशय बना हुआ है। सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न विभागों में 17 सहायक आचार्यों (असिस्टेंट प्रोफेसर) की तैनाती के आदेश तो जारी किए गए हैं, लेकिन आदेश के कई दिन बीत जाने के बाद भी अभी तक एक भी डॉक्टर ने यहां ज्वाइनिंग नहीं दी है।

इस स्थिति को देखते हुए स्थानीय लोगों में पुरानी यादें ताजा हो गई हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि पिछले वर्षों की तरह इस बार भी ये डॉक्टर चंबा आने के बजाय बीच रास्ते से ही अपना तबादला कहीं और करवा लेंगे।

स्थानीय निवासी जय सिंह, विनोद कुमार, प्रेम सिंह, रवि कुमार, संजय शर्मा, राज सिंह और अजय कुमार का कहना है कि चंबा मेडिकल



कॉलेज पिछले छह वर्षों से डॉक्टरों की भारी किल्लत से जूझ रहा है। पिछले साल भी सरकार ने यहां डॉक्टरों की नियुक्ति के आदेश दिए थे, लेकिन अधिकांश डॉक्टरों ने जुगाड़ और राजनीतिक रसूख का इस्तेमाल कर अपनी तैनाती दूसरे सुगम जिलों में करवा ली थी।

ग्रामीणों ने मांग की है कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधियों को इस बार सख्त रुख अपनाना चाहिए और डॉक्टरों को हर हाल में चंबा में ज्वाइन करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए, ताकि पिछड़े क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाएं सुधर सकें।

मौजूदा समय में चंबा मेडिकल कॉलेज लगभग 50त्न डॉक्टरों की कमी के साथ चल रहा है।

इस भारी कमी के कारण मौजूदा डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ पर काम का अत्यधिक बोझ है, वहीं दूर-दराज से आने वाले मरीजों को बिना इलाज या रेफरल के सहारे लौटना पड़ रहा है। जहां एक ओर जनता आशंकित है, वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी दल के विधायक और स्थानीय नेता लगातार यह दावा कर रहे हैं कि इस बार स्थिति अलग होगी और सभी 17 डॉक्टर चंबा में अपनी सेवाएं देंगे।

इस संदर्भ में मेडिकल कॉलेज चंबा के प्रवक्ता डॉक्टर मानिक सहगल ने कहा कि जिन डॉक्टरों की तैनाती के आदेश सरकार द्वारा जारी किए गए हैं, वे प्रशासनिक प्रक्रियाओं को पूरा कर जल्द ही चंबा मेडिकल कॉलेज में अपनी ज्वाइनिंग देंगे। संस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के प्रयास जारी हैं।

# करें योग- रहे निरोग के नारे के साथ जुन्गा स्कूल में मनाया योग दिवस



**चमन शर्मा**

**शिमला।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जुन्गा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारंभ करें योग रहे निरोग के नारे के साथ किया गया । जिसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने की । इस मौके पर सभी विद्यार्थियों व शिक्षकों को शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता सुमन चैहान और तीर्थानन्द शास्त्री की देखरेख में अनेक यौगिक क्रियाओं जैसे स्कंध चालन, ग्रीवा चालन, कटिचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, पश्चिमोत्तानासन, अनुलोम- विलोम प्राणायाम, कपालभाति, भ्रामरी तथा सूर्य नमस्कार आदि का अभ्यास करवाया गया। प्रधानाचार्य महेश शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष योग का थीम योगा फॉर हेल्दी एजिंग रखा गया है ।जिस को मद्देनजर रखते हुए बच्चों से योगिक क्रियाएं करवाई गई । उन्होने बताया कि विद्यार्थियों को हर रोज 10 से 15 मिनट योग करने की आदत विकसित करनी चाहिए ताकि वह तन को स्वस्थ, मन को शांत और एकाग्र सोच को सकारात्मक बनाए रखने में सक्षम हो सके। उन्होने बच्चों को बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुरूआत 21 जून 2015 को हुई थी।

## संक्षिप्त खबरें

### चम्बा में सुक्खू सरकार के खिलाफ फूटा जन आक्रोश



**हामिद खान**


**चंबा।** हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा बिजली की दरों में की गई हालिया बढ़ोतरी और जनता पर थोपे गए नए करों के खिलाफ सोमवार को चम्बा जिला मुख्यालय में भारी जन आक्रोश देखने को मिला। भाजपा नेता प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता जय सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में जुटे ग्रामीणों ने बिजली बोर्ड कार्यालय का घेराव किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रदेश की सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और जनता पर लादे गए अतिरिक्त वित्तीय बोझ को तुरंत वापस लेने की पुरजोर मांग उठाई। इस उग्र प्रदर्शन के दौरान मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से सौंपा गया, जिसमें सरकार की तथाकथित जनविरोधी नीतियों की तीखी आलोचना की गई है। घेराव के दौरान प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए अधिवक्ता जय सिंह और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रदेश सरकार पर जनता के साथ बड़ा विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि चुनावों के समय कांग्रेस ने पहली ही कैबिनेट में प्रदेशवासियों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने की बड़ी-बड़ी गारंटियां दी थीं।

### भदसाली में 82 ग्रामीणों का जांचा स्वास्थ्य

**राजन पुरी**

**ऊना।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा एवं स्वस्थ खंड हरोली द्वारा सोमवार को ग्राम भदसाली अप्पर में विशेष निक्षय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। शिविर के दौरान 82 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा 67 लैब जांचें एवं एक्स-रे सेवाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई गईं। इसके साथ ही मरीजों को निःशुल्क दवाइयां एवं आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श भी प्रदान किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों को टीबी मुक्त भारत अभियान से जोड़ना तथा स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाना रहा। स्वास्थ्य टीम ने लोगों को बताया कि टीबी का समय पर पता लगने और नियमित उपचार से इस बीमारी को पूरी तरह हराया जा सकता है। ग्रामीणों को टीबी के लक्षणों, बचाव एवं उपचार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी भी दी गई। इसके अलावा आयुष्मान भारत योजना, नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार और स्व%छ जीवनशैली के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श प्राप्त कर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का समाधान जाना। इस अवसर पर डॉ. प्रदीप कुमार, एसटीएस सतीश कुमार, गुलशन कुमार, निहाल सिंह, मनीष, आशा वर्कर्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं तथा प्रधान जसवंत सिंह उपस्थित रहे।

## शिमला के प्रतिबंधित मार्गों पर रहने वाले स्थानीय निवासियों की समस्याओं को लेकर सांसद सुरेश कश्यप को सौंपा ज्ञापन



**चमन शर्मा**

**शिमला।** शिमला शहर के प्रतिबंधित मार्गों पर रहने वाले स्थानीय निवासियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं के समाधान हेतु एक प्रतिनिधिमंडल ने आज उपायुक्त कार्यालय शिमला में शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप को ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधिमंडल में भाजपा नेता कर्ण नंदा, श्याम शर्मा, कृष्ण गुप्त तथा शांता कुमार उपस्थित रहे। प्रतिनिधिमंडल ने सांसद सुरेश कश्यप को अवगत करवाया कि जाखू, यू.एस. क्लब, बेनमोर तथा कनलोग वार्ड के ऊपरी क्षेत्रों में रहने वाले स्थायी निवासियों को वाहन परमिट व्यवस्था के कारण भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन में बताया गया कि इन क्षेत्रों में कई परिवार पिछले 50 से 60 वर्षों से निवास कर रहे हैं, जबकि अनेक परिवार स्वतंत्रता पूर्व से यहां रह रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अपने निजी वाहनों के लिए बार-बार परमिट लेने की जटिल प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है, जिससे आम लोगों को अनावश्यक परेशानी और आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है।

प्रतिनिधिमंडल ने मांग की कि स्थायी निवासियों के लिए दीर्घकालिक रेजिडेंट पास जारी किए जाएं, परमिट शुल्क में तर्कसंगत कमी लाई जाए, एकल खिड़की (सिंगल विंडो) प्रणाली लागू की जाए तथा प्रतिबंधित मार्गों से संबंधित नियमों में स्थानीय निवासियों को छूट प्राप्त श्रेणी में शामिल किया जाए।

## सलूरी में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट

**राजन पुरी**

**ऊना।** पुलिस थाना अंब के अंतर्गत आने वाले सलूरी गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट हुई है। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पहले पक्ष की ओर से अनीता कुमारी निवासी सलूरी ने शिकायत दर्ज करवाई है कि वह गत दिवस अपने देवर के साथ खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान जमीन संबंधी विवाद के चलते प्रेमी देवी और उनकी बेटी तृप्ता देवी ने उनका रास्ता रोक लिया तथा गाली.गलौज करते हुए पत्थरों और डंडों से हमला कर दिया।

वहीं दूसरे पक्ष की प्रेमी देवी ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि अनीता कुमारी और उनके देवर अजय कुमार उनके खेत में पहुंचे और जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद दोनों ने हाथों और डंडों से उनके तथा उनकी बेटी के साथ मारपीट की। घटना के बाद दोनों पक्षों ने पुलिस थाना अंब में शिकायत दर्ज करवाई।

## संतोषगढ़ में दुकान से 23 बोतलें देसी शराब बरामद

**राजन पुरी**

**ऊना।** संतोषगढ़ स्थित एक दुकान से पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 23 बोतलें शराब बरामद की हैं। पुलिस ने मामले में दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी संतोषगढ़ में तैनात एएसआई राकेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम गश्त पर थी। इसी दौरान गुप्त सूचना के आधार पर टीम ने संतोषगढ़ स्थित वीरभद्र चौक के समीप एक दुकान पर छापेमारी की।

तलाशी के दौरान दुकान से 23 बोतलें देसी शराब बरामद की गईं। पुलिस ने अवैध शराब रखने पर दुकानदार शरद दमन निवासी जट्टपुर, संतोषगढ़ के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। मामले की पुष्टि एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने की है।

# राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन योजना : कार्पोरेट संस्थाओं के साथ हुआ एमओयू

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश सरकार ने राज्य में पारिस्थितिकी तंत्र के पुनर्स्थापन, हरित आवरण में वृद्धि तथा पर्यावरण संरक्षण में जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ''राजीव गांधी ग्रीन एडॉप्शन योजना'' प्रारंभ की है। यह योजना कार्पोरेट संस्थानों, शैक्षणिक संस्थानों, संगठनों तथा व्यक्तिगत नागरिकों को वन विभाग के साथ सहभागिता स्थापित कर वनीकरण एवं क्षतिग्रस्त वन क्षेत्रों के पुनर्स्थापन में योगदान देने का एक अभिनव अवसर प्रदान करती है।


इसके मद्देनजर हिमाचल प्रदेश वन विभाग ने कुल्लू में दो कार्पोरेट संस्थाओं रेड एप्पल और पैराडाइज चैटयू के बीच एमओयू हस्ताक्षर किए। वन बल प्रमुख एवं जाइका वानिकी परियोजना के मुख्य परियोजना निदेशक डा. संजय सूद और वन अरण्यपाल कुल्लू संदीप शर्मा की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया।



वन बल प्रमुख डा. संजय सूद ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत पात्र संस्थाएं वन विभाग द्वारा चिन्हित वन क्षेत्रों को गोद लेकर विभाग द्वारा निर्धारित तकनीकी दिशा-निर्देशों के अनुरूप पौधारोपण, पारिस्थितिकी पुनर्स्थापन (ईको-रेस्टोरेशन) तथा उनके रख-रखाव का कार्य कर सकेंगी।

इस पहल का उद्देश्य जैव विविधता का संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रति अनुकूलता को सुदृढ़ करना, मृदा एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा स्थानीय समुदायों के लिए सतत आजीविका के अवसर सृजित करना है।

# नगर परिषद चंबा में सत्ता परिवर्तन



**हामिद खान**

**चंबा।** चंबा नगर परिषद को अब नया नेतृत्व मिल गया है। लगभग 10 वर्षों के बाद कांग्रेस समर्थित नगर परिषद जीतकर आई है जिसके चलते जुलाहकड़ी वार्ड से जीत दर्ज कर आई भुवनेश्वरी गुलाटी को नगर परिषद चंबा का अध्यक्ष चुनने के बाद उन्हें शपथ दिलाई गई । इसी कड़ी में उपाध्यक्ष पद की शपथ धड़ोग नगर परिषद वार्ड से जीत कर आए जितेंद्र सूर्य ने ली ।

एस डी एम प्रियांशु खाती ने दोनों पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और विधिवत कार्यभार सौंपा। इसके पश्चात दोनों पदाधिकारियों ने अपने कार्यालय में जाकर अपना पद ग्रहण किया। शपथ ग्रहण के बाद अध्यक्ष भुवनेश्वरी गुलाटी ने कहा कि शहर की सफाई, निर्बाध पेयजल व्यवस्था, सीवरेज और चंबा शहर का सौंदर्यीकरण उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि जनता से किए वादों को पूरा करना उनका पहला लक्ष्य है और विकसित चम्बा की थीम को लेकर सभी कार्य संपन्न करवाए जाएंगे।

वहीं इस मौके पर उपाध्यक्ष जितेंद्र सूर्या ने कहा कि वे सभी पार्षदों को विश्वास में लेकर एकजुट होकर चंबा के सर्वांगीण विकास के लिए काम करेंगे।

शहर की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा और स्वच्छ व स्वस्थ चम्बा नगर का निर्माण किया जाएगा।

## मलूकपुर जट्ट मोहल्ला में रेडीनेस मेले का आयोजन

**राजन पुरी**

**ऊना।** बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत ग्राम पंचायत मलूकपुर जट्ट मोहगा में स्कूल रेडीनेस मेला-1 का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यवाहक पर्यवेक्षक नरेश देवी ने की।

मेले का उद्देश्य 3 से 6 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को विद्यालयी शिक्षा के लिए तैयार करना तथा अभिभावकों को बच्चों के प्रारंभिक विकास और सीखने की प्रक्रिया के प्रति जागरूक बनाना रहा।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों के सर्वांगीण विकास, प्रारंभिक शिक्षा, मानसिक एवं शारीरिक वृद्धि तथा विद्यालय में प्रवेश से पूर्व आवश्यक तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। मेले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नीलम संधू एवं रविंदर कौर, आशा कार्यकर्ता तथा गांव की शिक्षित महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# बंगाणा स्टार नाइट की तैयारियां अंतिम चरण में

**राजन पुरी**

**ऊना।** कुटलैहड़ के 26 जून को जिला स्तरीय पीपलू मेले के समापन अवसर पर आयोजित होने वाली लगातार दूसरी बंगाणा स्टार नाइट की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। कार्यक्रम को सफल और व्यवस्थित बनाने के लिए कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने सोमवार को कार्यक्रम स्थल भलेती का प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तृत निरीक्षण किया। इस दौरान उनके साथ एसडीएम सोनू गोयल, खंड विकास अधिकारी केएल वर्मा, थाना प्रभारी रोहित चौधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मंच निर्माण, पंडाल, पार्किंग, सुरक्षा, यातायात, बिजली, पेयजल और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया गया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि इस वर्ष बंगाणा स्टार नाइट को पहले से अधिक भव्य और



व्यवस्थित रूप दिया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए 60 फीट लंबा विशाल मंच तैयार किया जाएगा, जहां प्रदेश और पंजाब के प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरे कार्यक्रम स्थल पर वाटर प्रूफ टेंट लगाया जाएगा। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि 26 जून को शाम चार बजे निकलने वाली भव्य शोभायात्रा का नेतृत्व प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री बंगाणा स्टार नाइट कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर विभिन्न विकास कार्यों का उद्घाटन एवं शिलान्यास करेंगे और मुख्यतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों तथा क्षेत्र की जनता के पहुंचने की संभावना है। विधायक ने बताया कि बंगाणा स्टार नाइट का शुभारंभ शाम छह बजे होगा। कार्यक्रम में हिमाचल के लोकप्रिय नाटी किंग कुलदीप शर्मा अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांधेंगे। वहीं प्रसिद्ध पंजाबी कलाकार गुलाब सिंह सिद्धू अपने लोकप्रिय गीतों से दर्शकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। इसके अलावा हिमाचली गायक मोहित भी अपनी मधुर आवाज से कार्यक्रम में चार चांद लगाएंगे।